धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

सुप्रभात

रांची, गुरुवार

17.08.2023

* नगर संस्करण । पेज : 12

khabarmantra.net श्रावण, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा, संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 37



भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टीकरण को मिटाना होगा : मोदी

SURJABASHA

## न्यूज डायरी

### फॉल में डूबने से पटना के इंजीनियर की मौत

**खूंटी।** मारंगहादा थानांतर्गत प्रसिद्ध पिकनिक स्पॉट रीमिक्स फॉल में नहाने के दौरान डूबने से मसौढ़ी पटना निवासी लगभग लोकेश कुमार सिंह (30) की मौत हो गयी। वह अपने दोस्तों के साथ रीमिक्स फॉल घूमने आये थे। वह पटना में जिओ के टावर इंजीनियर के रूप में कार्यरत थे। नेट में सर्च करने पर उन्हें रीमिक्स फॉल के बारे में जानकारी हुई। इसपर वे सभी रीमिक्स फॉल चले गये, और वहां नहाने लगे।

### देश ने पुण्यतिथि पर अटल को किया नमन

**नयी दिल्ली।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पांचवीं पुण्यतिथि पर देश भर के नेता और सामाजिक क्षेत्र के लोगों ने उन्हें नमन किया। वाजपेयी जी की समाधि स्थल सदैव अटल पर राष्ट्रपति उपराष्ट्रपति, पीएम मोदी ने श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

### रिमांड खत्म, प्रेम प्रकाश को भेजा गया जेल

**रांची।** जमीन घोटाला में आरोपित प्रेम प्रकाश की रिमांड अवधि समाप्त होने के बाद बुधवार को ईडी कोर्ट में पेश किया गया। ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत ने प्रेम प्रकाश को न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार (जेल) भेज दिया। इससे पूर्व ईडी ने बीते 11 अगस्त को प्रेम प्रकाश को पांच दिनों के रिमांड पर लिया था। प्रोडक्शन वारंट जारी होने के बाद ईडी ने जमीन घोटाले मामले में उसे गिरफ्तार किया था।

### पूर्व विधायक संजीव सिंह एम्स रेफर

**रांची।** रिम्स ने झरिया के पूर्व विधायक संजीव सिंह को दिल्ली एम्स रेफर कर दिया है। रिम्स के चिकित्सा अधीक्षक डॉ हीरेंद्र बीरूआ ने बुधवार को बताया कि मेडिकल बोर्ड की बैठक हुई थी। बैठक में मेडिसिन, सर्जरी, ईएनटी, आई, आर्थो के अलावा संजीव की बीमारी को देखते हुए न्यूरोलॉजी और साइकेट्री विभाग के चिकित्सक को भी बोर्ड में शामिल किया गया था। इससे पूर्व संजीव सिंह को रिम्स में 11 अगस्त को भर्ती कराया गया था।

### राहुल को व्यक्तिगत पेशी से मिली छूट

**रांची।** मोदी सरनेम मानहानि से जुड़े मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एमएलए /एमपी कोर्ट द्वारा उनकी याचिका खारिज किये जाने को चुनौती देने संबंधी याचिका की सुनवाई बुधवार को हाईकोर्ट में हुई। न्यायमूर्ति एसके द्विवेदी की कोर्ट ने राहुल गांधी की याचिका को स्वीकृत कर लिया। अब निचली अदालत में राहुल की जगह उनके अधिवक्ता प्रस्तुत होंगे। प्रार्थी राहुल गांधी की ओर से अधिवक्ता दीपांकर ने पैरवी की। कोर्ट ने शर्तों के आधार पर दी गयी छूट में कहा है कि वह अपनी पहचान नहीं छुपायेंगे।

स्वतंत्रता दिवस पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड को दी अबुआ आवास योजना की सौगात

# गरीबों को शीघ्र मिलेंगे तीन कमरे के घर

### समारोह में सीएम ने सरकार की गिनायी उपलब्धियां

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** स्वतंत्रता दिवस पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंडवासियों को अबुआ आवास योजना की सौगात दी। उन्होंने कहा कि जल्द ही तीन कमरे का आवास जरूरतमंदों को मिलेगा। आगामी दो साल में 15 हजार करोड़ रुपये से अधिक खर्च कर राज्य सरकार अपनी निधि से जरूरतमंदों को आवास उपलब्ध करायेगी। सीएम हेमंत सोरेन 15 अगस्त स्वसंत्रता दिवस समारोह के मौक पर ऐतिहासिक मोरहाबादी मैदान में झंडोत्तोलन कर राज्यवासियों को संबोधित कर रहे थे। अपने संबोधन में सीएम ने



जनहित की कई अन्य योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। राष्ट्रीय ध्वज फहराने के बाद सीएम ने लोगों को संबोधित करते हुये कहा कि जब केंद्र सरकार की ओर से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत राज्य के आठ लाख ग्रामीण बेघरों को आवास नहीं मिला, तब मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से लेकर नीति आयोग तक के सामने बेघरों को आवास उपलब्ध कराने को लेकर बातें रखी थी। ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री और सचिव ने भी केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय से इसको लेकर चर्चा की थी। फिर मुख्यमंत्री ने अपने स्तर से पहल शुरू करते हुए इस योजना को राज्य में लागू करने पर जोर दिया है। मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार के फंड से ही बेघरों को आवास देने का फैसला किया है। इसके पहले सीएम ने भगवान बिरसा मुंडा और सिद्धो कान्हू को याद करते हुए झारखंड के लोगों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। (शेष पेज 11 पर)

### झारखंड आंदोलनकारी को पेंशन

सीएम ने कहा कि जन भावना और जन भागीदारी के साथ सबको न्याय मिले। गरीब वंचितों की आवाज पहुंचे मेरे विचार में यही राज्य की सेवा और सच्चा तंत्र है। उनकी सरकार ने राज्य के कर्मियों को लिए पुराने पेंशन की शुरुआत की। 35 लाख जरूरतमंदों को पेंशन, 20 लाख को राशन, झारखंड आंदोलनकारी की पहचान कर पेंशन और सम्मान की मुहिम चलायी जा रही है। गरीब बच्चे विदेश में शिक्षा ले रहे हैं। सरकार हर जरुरतमंदों के द्वार तक पहुंची है।

### सभी वायदे पूरे कर रहे हैं

सीएम ने कहा, हमने जनता के वादे को गंभीरता से निभाने का प्रयास किया है। सात लाख से अधिक किशोरियों को सावित्री बाई फूलो योजना का लाभ मिल रहा है। हड़िया दारू की बिक्री से जुड़ी महिलाओं को सम्मान जनक रोजगार से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि पहले योजनाओं के लिए लोगों को सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाना पड़ता था, पर अब सरकार खुद उनके द्वार पहुंच रही है। 2021 और 2022 में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम से हमें बेहतर परिणाम मिले हैं। इस वर्ष भी इस योजना को चलायेगा। नियुक्ति प्रक्रिया में तेजी आयेगी। 36 हजार पदों पर नियुक्त होने वाला विज्ञापन प्रकाशित किया जा चुका है। पारदर्शी परीक्षा के लिए विधेयक विधानसभा से पास किया है। उन्होंने कहा कि नियुक्ति में यह भी प्रयास है कि झारखंड के लोगों को उनका हक मिले। उन्होंने कहा कि एक वक्त था जब छात्र परीक्षा देकर रिजल्ट के लिये थक जाते थे। अब इंटरव्यू के बाद चार-पांच घंटे में ही परीक्षा परिणाम जारी हुये है। अब पचास हजार तक के लिए लोन के लिए किसी तरह के गारेंटर की जरूरत नहीं है। मोराबादी में मुख्यमंच के दोनों ओर अधिकारियों और विशिष्ट अतिथियों के लिये अलग-अलग पंडाल बना था। इस अवसर पर मोराबादी को विशेष रूप से सजाया गया था। मौके पर कई गणमान्य उपस्थित थे।

केंद्र ने रेलवे की 7 मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं को दी मंजूरी

# झारखंड में 201 किमी नयी रेल परियोजना मंजूर

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को 32,500 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाली रेलवे की सात मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान कर दी। इस पर करीब 32,500 करोड़ रुपये का खर्च आयेगा और रेलवे के वर्तमान नेटवर्क में 2339 किलोमीटर जोड़ा जा सकेगा। इससे झारखंड , यूपी, बिहार, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, ओड़िशा और गुजरात जैसे राज्यों को कवर करने वाले मौजूदा नेटवर्क में 2,339 किलोमीटर की दूरी जुड़ जायेगी। केंद्रीय कैबिनेट ने झारखंड के धनबाद, गिरिडीह, हजारीबाग और कोडरमा में 201.608 किमी रेल योजना को सोन नगर-अंडाल मल्टी-ट्रैकिंग परियोजना के तहत मंजूरी दी है। केंद्रीय कैबिनेट ने



बुधवार को मौजूदा नेटवर्क में 2,339 किमी जोड़ने के लिए 7 रेलवे परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इसके अवावा ई-बस सेवा पर 57 हजार करोड़ का खर्च और विश्वकर्मा योजना को भी मंजूरी दी गयी है। रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट की बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा कि परियोजनाएं, जिसमें मौजूदा रेलवे लाइनों का चौगुना और दोहरीकरण सहित उन्नयन शामिल है, 120 मिलियन टन अतिरिक्त माल की आवाजाही के लिए क्षमता निर्माण की सुविधा प्रदान करेगी। प्रवासी श्रमिकों और छात्रों की यात्रा में भी मदद करेगी। परियोजनाओं को केंद्र सरकार से 100 प्रतिशत वित्त पोषण प्राप्त होगा और यह देश के प्रमुख औद्योगिक और वाणिज्यिक केंद्रों को जोड़ेगी।

**ये हैं रेल परियोजनाएं :** इन परियोजनाओं में बिहार (गया, औरंगाबाद) में 132.57 किमी, झारखंड (धनबाद, गिरिडीह, हजारीबाग, कोडरमा) में 201.608 किमी और पश्चिम बंगाल (पश्चिम बर्धमान) में 40.35 किमी के लिए सोन नगर-अंडाल मल्टी-ट्रैकिंग परियोजना शामिल है। साथ ही यूपी में मौजूदा गोरखपुर छावनी (वाल्मीकि नगर सिंगल लाइन सेक्शन) का 89.264 किमी और बिहार (पश्चिम चंपारण) का 6.676 किमी का दोहरीकरण शामिल है। इन परियोजनाओ के क्रियान्वयन से खाद्यान्न, उर्वरक, कोयला, सीमेंट, फ्लाई-ऐश, लोहा और तैयार इस्पात, क्लिंकर, कच्चा तेल, चूना पत्थर, खाद्य तेल आदि वस्तुओं के परिवहन को सुगमता प्राप्त होगी।

(शेष पेज 11 पर)

शहीद दोनों जवानों को राज्यपाल और सीएम ने दी श्रद्धांजलि

# राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची/पलामू।** चाईबासा नक्सल घटना में शहीद हुए अमित तिवारी का उनके पैतृक गांव पलामू के तोलरा स्थित कोयल नदी तट पर राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। नम आंखों से अंतिम विदाई दी गयी। अंतिम यात्रा में अमित अमर रहे और जिंदाबाद के नारों से पूरा पलामू गूंज उठा। पलामू रेंज के आईजी राजकुमार कुमार लकड़ा, सीआरपीएफ के डीआईजी पंकज कुमार, पलामू एसपी रिष्मा रमेशन, एएसपी ऋषभ गर्ग, एसडीपीओ सुरजीत कुमार ने श्रद्धांजलि दी। पलामू पुलिस के जवानों ने शाहीद के सम्मान में दो राउंड फायरिंग भी की। पिता देवेंद्र कुमार तिवारी ने शहीद अमित तिवारी को मुखाग्नि दी। इस दौरान पलामू सांसद विष्णु दयाल राम समेत कई दिग्गज हस्ती मौजूद थे।



**दो जवान हो गये थे शहीद :** चाईबासा जिले के तुम्बाहाका और सरजम्बुरु के जंगल में सोमवार की रात सुरक्षाबल सर्चिंग अभियान में निकले झारखंड जगुआर के सब इंस्पेक्टर अमित तिवारी और हवलदार गौतम कुमार सोमवार शाम शहीद हो गये थे। (शेष पेज 11 पर)

# आरयू के छात्रों को भी ई-रिक्शा, पिंक बस की सुविधा

सुधीर

रांची। रांची विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि आरयू के मोरहाबादी परिसर से जल्द ही ई रिक्शा, पिंक बस की सुविधा भी प्रारंभ होगी। स्थानीय सांसद संजय सेठ की मदद से मोरहाबादी परिसर में एंबुलेंस भी मिलने को है। वहीं, लोहरदगा वीमेंस कॉलेज शहर से कुछ दूर है। हमारे प्रयास से वहां दो बस लोहरदगा सांसद दे रहे हैं। रांची विश्वविद्यालय के छात्रों की परेशानी को दखते हुए रांची विवि के मोरहाबादी कैंपस से से जल्द ही ई-रिक्शा व पिंक बस की सुविधा शुरू होगी, ताकि उन्हें घर आने-जाने में कोई परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि अब दिल्ली की तर्ज पर राची विवि कैंपस से भी पिंक बसें चलेंगी और छात्रों को उनके गंतव्य तक पहुंचायेगी।

**दुनिया देख रही भारत की ओर :** कुलपति ने कहा कि हमारा देश आज साइंस, टेक्नोलॉजी, कला, खेल हर क्षेत्र में आगे बढ़ चुका है। दुनिया हमारी ओर देख रही है। हमें एक होकर श्रेष्ठ भारत का निर्माण करना है। यह सब शिक्षा क्षेत्र में सुधार से संभव है।

(शेष पेज 11 पर)

### चांद तक पहुंचने की प्रक्रिया पूरी, अगला चरण शीघ्र

**बेंगलुरु।** चंद्रयान-3 बुधवार को, चंद्रमा की पांचवी और अंतिम कक्षा में सफलतापूर्वक प्रवेश कर गया। चंद्रयान-3 चंद्रमा की सतह के और भी करीब आ गया। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने कहा कि इसके साथ ही चंद्रयान-3 ने चंद्रमा तक पहुंचने की अपनी प्रक्रिया पूरी कर ली है और अब यह प्रणोदन मॉड्यूल और लैंडर मॉड्यूल को अलग करने की तैयारी करेगा। इसरो ने कहा कि चंद्रयान ने छह, नौ और 14 अगस्त को चंद्रमा की अगली कक्षाओं में प्रवेश किया तथा उसके और निकट पहुंचता गया। उसकी दूरी धीरे-धीरे कम होती जा रही है।

# आज पर्चा भरेंगी बेबी देवी और यशोदा देवी

डुमरी महासंग्राम : महागठबंधन की ओर से सीएम, एनडीए की ओर से सुदेश रहेंगे साथ

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** 5 सितंबर को होनेवाले डुमरी उपचुनाव की सभी तैयरियां पूरी हो गयी है। नामांकन पत्र भरने के अंतिम दिन गुरुवार 17 को महागठबंधन की प्रत्याशी पूर्व शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो की पत्नी बेबी देवी और एनडीए की ओर से आजसू प्रत्याशी यशोदा देवी नामांकन पत्र भरेंगी। दोनों दलों की ओर से पूरी तैयारी कर ली गयी है। सीएम हेमंत सोरेन नामांकन के वक्त वहां बेबी देवी के समर्थन में अपने कैबिनेट के सहयोगियों के साथ उपस्थित रहेंगें। वहीं यशोदा देवी की ओर से आजसू सुप्रीमो सुदेश



महतो समेत कई आजसू कार्यकर्ता वहां मौजूद रहेंगे। उपचुनाव के लिए प्रत्याशी नामांकन दाखिल कर रहे हैं लेकिन, मुकाबला जेएमएम और आजसू के बीच है।

नामांकन का 17 अगस्त अंतिम दिन है। नामांकन पत्रों की जांच 18 अगस्त को होगी। 21 अगस्त को प्रत्याशी अपना नाम वापस ले



सकेंगे। मतों की गिनती 8 सितंबर को होगी। 10 सितंबर तक चुनाव की सारी प्रक्रिया पूरी कर ली जायेगी। शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के निधन की वजह से डुमरी सीट खाली हुई है, जिसके लिए उपचुनाव हो रहे हैं। उपचुनाव को लेकर महागठबंधन और एनडीए दोनों ने कमर कस ली है। दोनों एक-दूसरे को कड़ी टक्कर देने का दावा कर रहे हैं। डुमरी विधानसभा दो जिलों बोकारो और गिरिडीह में आता है। इसलिए दोनों जिलों में आदर्श आचार संहिता लागू है। डुमरी में कुल 2,98,629 मतदाता प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला करेंगे। यहां पर पुरुष मतदाताओं की संख्या 1,54, 452 है. जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 1,44,174 है। यहां 83 अतिसंवेदनशील बूथ हैं, संवेदनशील बूथ 22 हैं। डुमरी विधानसभा में कुल मतदान केंद्र 373 हैं। जो गिरिडीह और बोकारो जिला के तीन प्रखंडों में पड़ते हैं।




# मनी लाउंड्रिंग मामले में कृष्णा साहा की जमानत याचिका खारिज

1000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि का था मामला

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** अवैध खनन से प्राप्त 1000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि का मनी लाउंड्रिंग करने के आरोप में जेल में बंद साहिबगंज के पत्थर कारोबारी कृष्णा कुमार साहा की जमानत याचिका अदालत ने खारिज कर दी है। ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने 10 अगस्त को उसकी ओर से दाखिल जमानत अर्जी पर सुनवाई पर आदेश सुरक्षित रख लिया था। बुधवार को अदालत ने अपना फैसला सुनाई। कृ ष्णा साहा 6 जुलाई से जेल में है। कृष्णा साहा ने जमानत की गुहार लगाते हुए 28 जुलाई को अर्जी दाखिल की है। मालूम हो कि पांच जुलाई को 10 घंटे की पूछताछ के बाद ईडी ने उसे देर रात गिरफ्तार किया था। ईडी ने इससे पहले कृष्णा के ठिकाने पर छापेमारी की थी। साहिबगंज जिले के बड़हरवा निवासी कृष्णा साहा को सीएम के बरहेट विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा का खास सहयोगी माना जाता है। कृष्णा साहा के अवैध पत्थर खदान में दो मजदूरों की दुर्घटना में मौत हो गई थी। जांच के क्रम में ईडी ने पूर्व में उसके बड़हरवा के चंपांडे मौजा के पत्थर खदान की ड्रोन से मापी ली थी। वहीं से कर्मियों के मोबाइल व कागजात भी जब्त किया गया था। अवैध खनन की जानकारी मिलने के बाद ईडी ने उसे गिरफ्तार किया था। तब से वह जेल में है।


**कार्यालय, उत्तरी छोटानागपुर प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार, हजारीबाग। (झारखंड)**

जिला स्कूल के नजदीक, झील रोड, हजारीबाग। (झारखंड) पिन–825301

**–:आवश्यक सूचना:–**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उत्तरी छोटानागपुर प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार, हजारीबाग की बैठक जो दिनांक 17.08.2023 को आयुक्त–सह–अध्यक्ष,उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल,हजारीबाग के सभागार–कक्ष में आहुत थी,अपरिहार्य कारणवश स्थगित की जाती है। बैठक की अगली तिथि की सूचना बाद में दी जाएगी।

आयुक्त–सह–अध्यक्ष महोदया के आदेशानुसार।

उप–परिवहन आयुक्त सह सचिव
उत्तरी छोटानागपुर प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार
हजारीबाग

PR 304751 Transport(23-24)#D



**कार्यालय, परियोजना निदेशक, समेकित जनजाति विकास अभिकरण, ITDA सिमडेगा।**

झारखण्ड राज्य एवं अन्य राज्य के बाहर मान्यता प्राप्त नर्सिंग एवं आई0टी0आई0 शैक्षणिक संस्थानों के लिए शैक्षणिक सत्र 2022–23 हेतु ई–कल्याण पोर्टल पर पंजीकरण एवं अध्ययनरत् छात्र/छात्राओं हेतु आवेदन से संबंधित आवश्यक सूचना

**सूचना**

झारखण्ड राज्य एवं अन्य राज्य के बाहर मान्यता प्राप्त नर्सिंग एवं आई0टी0आई0 शैक्षणिक संस्थानों के लिए शैक्षणिक सत्र 2022–23 हेतु ई–कल्याण पोर्टल पर पंजीकरण एवं उक्त शैक्षणिक संस्थानों में सत्र 2022–23 में अध्ययनरत् अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछड़ी जाति के छात्र/छात्राओं को प्रवेशिकोत्तर छात्रवृति योजना के अन्तर्गत प्रक्रियात्मक कार्रवाई से संबंधित निम्न प्रकार आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं:–

ऑनलाईन आवेदन की समय सीमा:–

ऑनलाईन आवेदन की समय सीमा (राज्य के अन्दर) :–

| क्र0 | प्रक्रियात्मक कार्रवाई | कार्यवाही प्रारम्भ होने की तिथि | कार्यवाही के लिए निर्धारित अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | शैक्षणिक संस्थानों द्वारा ई–कल्याण पोर्टल पर पंजीकरण हेतु आवेदन की तिथि | 02.08.2023 | 16.08.2023 |
| 2 | शैक्षणिक सत्र 2022–23 हेतु छात्र/छात्राओं के आवेदन प्रक्रिया की तिथि | 20.08.2023 | 20.09.2023 |
| 3 | संबंधित शैक्षणिक संस्थान के INO द्वारा छात्र/छात्राओं के आवेदन का सत्यापन की तिथि | 20.08.2023 | 30.09.2023 |

अन्य दिशा निर्देश पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन के अनुसार
Website- ekalyan. cgg.gov.in पर उपलब्ध है।

जिला कल्याण पदाधिकारी,
सिमडेगा।

PR 304743 (Welfare) 23-24 (D)



**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (गव्य प्रभाग)**
**जिला गव्य विकास कार्यालय, गढ़वा**
Email – dddogarhwa@gmail.com

**–:आवश्यक सूचना:–**

वित्तीय वर्ष 2023–24 में राज्य योजनान्तर्गत **मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना** के तहत निम्नलिखित गव्य विकास कार्यक्रमों को अनुदानित/लाभुक अंशदान पर संचालन हेतु इच्छुक ग्रामीण कृषकों/दुधारू मवेशी पालकों द्वारा **दिनांक–26.08.2023 के अपराह्न 05.00 बजे तक** संबंधित पंचायत के ग्राम सभा/पंचायत स्तरीय समिति की अनुशंसा के साथ पूर्ण विवरणी सहित विहित प्रपत्र में भरकर ग्राम सभा/पंचायत स्तरीय समिति की छायाप्रति के साथ संलग्न कर जिला अन्तर्गत संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड पशुपालन कार्यालय में आवेदन पत्र जमा करने हेतु आमंत्रित किया जाता है :–

मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजनान्तर्गत दुधारू मवेशी वितरण कार्यक्रम

-: 02 दुधारू गाय/भैंस की योजना:-

| चरण | कुल ईकाई लागत | सरकारी अनुदान राशि: 75 प्रतिशत (सभी ग्रामीण महिला लाभुकों के लिए (दिव्यांग/आपदा/आगलगी/सड़क दुर्घटना/परित्यक्त ग्रामीण महिला को छोड़कर) | सरकारी अनुदान राशि: 90 प्रतिशत सिर्फ दिव्यांग/आपदा/आगलगी/सड़क दुर्घटना/परित्यक्त ग्रामीण महिला के लिए | लाभुक अंशदान: 25 प्रतिशत (सभी ग्रामीण महिला लाभुकों के लिए (दिव्यांग/आपदा/आगलगी/सड़क दुर्घटना/परित्यक्त ग्रामीण महिला को छोड़कर) | लाभुक अंशदान: 10 प्रतिशत सिर्फ दिव्यांग/आपदा/आगलगी/सड़क दुर्घटना/परित्यक्त ग्रामीण महिला के लिए |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रथम चरण (01 गाय/भैंस) | 1,35,050/- | 51,113/- | 61,335/- | 17,037/- | 6,815/- |
| द्वितीयचरण (01 गाय/भैंस) | | 50,175/- | 60,210/- | 16,725/- | 6,690/- |

-: 05 दुधारू गाय/भैंस की योजना:-

| चरण | कुल ईकाई लागत | सरकारी अनुदान राशि: 75 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | सरकारी अनुदान राशि: 50 प्रतिशत(अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए | लाभुक अंशदान: 25 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | लाभुक अंशदान: 50 प्रतिशत(अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रथम चरण (03 गाय/भैंस) | 3,37,625/- | 1,52,869/- | 1,01,913/- | 50,956/- | 1,01,912/- |
| द्वितीयचरण (02 गाय/भैंस) | | 1,00,350/- | 66,900/- | 33,450/- | 66,900/- |

-: 10 दुधारू गाय/भैंस की योजना:-

| चरण | कुल ईकाई लागत | सरकारी अनुदान राशि: 75 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | सरकारी अनुदान राशि: 50 प्रतिशत(अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए | लाभुक अंशदान: 25 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | लाभुक अंशदान: 50 प्रतिशत(अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रथम चरण (05 गाय/भैंस) | 6,75,250/- | 2,55,563/- | 1,70,375/- | 85,187/- | 1,70,375/- |
| द्वितीय चरण (05 गाय/भैंस) | | 2,50,875/- | 1,70,375/- | 83,625/- | 1,70,375/- |

–: पशुआहार एवं चारा विकास योजना :–

| योजना का नाम | कुल ईकाई लागत | सरकारी अनुदान राशि: 90 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | सरकारी अनुदान राशि: 75 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए | लाभुक अंशदान: 10 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | लाभुक अंशदान: 25 प्रतिशत(अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए |
|---|---|---|---|---|---|
| हस्तचालित चैफ कटर | 8,000/- | 7,200/- | 6,000/- | 800/- | 2,000/- |
| विद्युतचालित चैफ कटर | 20,000/- | 18,000/- | 15,000/- | 2,000/- | 5,000/- |

अहर्त्ता :–ग्रामीण क्षेत्र के प्रगतिशील कृषक/युवा शिक्षित बेरोजगार/स्वंय सहायता समूह के सदस्य/लघु उद्यमियों के सदस्यों के लिए हस्तचालित चैफ कटर के लिए न्यूनतम 05 दुधारू गाय तथा विद्युत चालित चैफ कटर के लिए न्यूनतम 10 दुधारू गाय के होने की अनिवार्यता होगी।

–: प्रगतिशील डेयरी कृषकों को सहायता योजना :–

| कार्यक्रम का नाम | कुल ईकाई लागत | सरकारी अनुदान राशि: 90 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | सरकारी अनुदान राशि: 75 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए | लाभुक अंशदान: 10 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | लाभुक अंशदान: 25 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए |
|---|---|---|---|---|---|
| मिल्कींग मशीन | 1,20,000/- | 1,08,000/- | 90,000/- | 12,000/- | 30,000/- |
| वर्मी कम्पोस्ट यूनिट | 25,000/- | 22,500/- | 18,750/- | 2,500/- | 6,250/- |
| पनीर एवं खोआ मेकिंग यूनिट | 1,00,000/- | 90,000/- | 75,000/- | 10,000/- | 25,000/- |
| काउ मैट (6.5'×4') | 5,200/- | 4,680/- | 3,900/- | 520/- | 1,300/- |
| डीप बोरिंग(Boring- 4" dia,depth upto 400 ft with PVC casing upto a depth of 40' or as per site. Installation of submersible pump of 1.5 HP including 200' PVC pipe, cap & starter.) | 1,00,000/- | 90,000/- | 75,000/- | 10,000/- | 25,000/- |

अहर्त्ता :–ग्रामीण क्षेत्र के प्रगतिशील कृषक/युवा शिक्षित बेरोजगार/स्वंय सहायता समूह के सदस्य/लघु उद्यमियों के पास कम से कम 05 (पाँच) दुधारू गाय के साथ–साथ बुनियादी सुविधा उपलब्ध हो।

–: तकनीकी इनपुट सामग्रियों का वितरण :–

| सामग्रियों का नाम | कुल ईकाई लागत | सरकारी अनुदान राशि: 90 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | सरकारी अनुदान राशि: 75 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए | लाभुक अंशदान: 10 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | लाभुक अंशदान: 25 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए |
|---|---|---|---|---|---|
| संतुलित पशुआहार | 24 रू0प्रति किलोग्राम | 21.6 | 18 | 2.4 | 6 |
| एरिया स्पेसिफिक मिनरल/अच्छे विशिष्टियों के अन्य मिनरल मिक्चर | 120 रू0 प्रति किलोग्राम | 108 | 90 | 12 | 30 |
| शीतवर्द्धक सप्लीमेन्ट | 60 रू0 प्रति किलोग्राम | 54 | 45 | 6 | 15 |

अहर्त्ता :–तकनीकी इनपुट सामग्री अन्तर्गत पशुआहार/मिनरल मिक्सचर/फीड सप्लीमेण्ट का लाभ लेने हेतु वैसे दुग्ध उत्पादक जिनके पास अधिकतम 10 अथवा उससे कम दुधारू पशु उपलब्ध हो।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी,
गढ़वा

PR304688 (Animal Husbandry)23-24*D


# हजारीबाग में नाबालिग को एसिड पिलाने के मामले में होगा पॉलीग्राफ टेस्ट

## हाईकोर्ट ने मांगी 19 सितंबर तक रिपोर्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** हजारीबाग में दिसंबर 2019 में एक नाबालिग को उसके परिचित द्वारा एसिड पिलाए जाने के मामले में कोर्ट के स्वतः संज्ञान की सुनवाई बुधवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि आरोपी का पॉलीग्राफ टेस्ट कराने के लिए गुजरात गांधीनगर के फॉरेंसिक साइकोलॉजी डिवीजन डायरेक्टरेट ऑफ फॉरेंसिक साइंस से पत्राचार किया गया था। उसने 21 अगस्त से 25 अगस्त के बीच आरोपी का पॉलीग्राफ टेस्ट करने की अनुमति प्रदान की है। जिस पर कोर्ट ने कहा कि आरोपी का पॉलीग्राफ टेस्ट कर 19 सितंबर तक रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत करें। कोर्ट ने अगली सुनवाई 19 सितंबर निर्धारित की है। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की। कोर्ट में एमिकस क्यूरी अपराजिता भारद्वाज ने पक्ष रखा। राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता सचिन कुमार, अधिवक्ता गौरव राज ने पैरवी की।



### क्या है मामला

दरअसल, वर्ष 2019 में हजारीबाग में एक 13 साल की बच्ची जब वह स्कूल से लौट रही थी तो उसके परिचित ने जबरदस्ती उसे एसिड पिला दिया था। जिससे उसकी हालत काफी बिगड़ गई थी। बाद में उसका एम्स पटना और रिम्स रांची में बच्ची का इलाज हुआ था। एसिड पिलाए जाने से 2 महीने तक बच्ची कुछ बोलने में असमर्थ थी। मामले को लेकर हजारीबाग के इचाक थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मामले को लेकर तत्कालीन चीफ जस्टिस को एक पत्र लिखा गया था।

**सरकार के खर्चे पर रिम्स में पीड़िता का इलाज करने का दिया है निर्देश :** गौरतलब हो कि पूर्व में कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा था कि पिछले आदेश के आलोक में पीड़िता का इलाज रिम्स में हो रहा है या नहीं। कोर्ट ने मामले में हजारीबाग डीसी को निर्देश दिया था कि वह पीड़िता का ट्रीटमेंट रिम्स, रांची में कराएं। उसके इलाज का खर्च राज्य सरकार वहन करेगी।

# सिपाही नियुक्ति को चुनौती मामला : सुनवाई 30 अक्टूबर को

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सिपाही नियुक्ति नियमावली-2014 को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई बुधवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। कोर्ट ने इससे संबंधित सुप्रीम कोर्ट में एक लंबित केस की सुनवाई को देखते हुए विस्तृत सुनवाई के लिए 30 अक्टूबर की तिथि निर्धारित की है। इस संबंध में सुनील टूडू सहित 60 याचिकाएं अदालत में दाखिल की गई हैं। मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई। झारखंड स्टाफ सिलेक्शन कमीशन की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरवाल, प्रिंस कुमार एवं राकेश रंजन ने पैरवी की।

याचिका में कहा गया है कि झारखंड सरकार की ओर से बनाई गई नियुक्ति नियमावली पुलिस मैनुअल के विपरीत है। नई नियमावली में लिखित परीक्षा के लिए निर्धारित न्यनतम क्वालिफाइंग मार्क्स की शर्त लगाना भी गलत है। ऐसे में उक्त नियमावली को रद कर देना चाहिए। हालांकि इस मामले में अदालत ने पूर्व में ही कहा है कि अदालत के अंतिम आदेश से नियुक्ति प्रक्रिया प्रभावित होगी। गौरतलब हो कि वर्ष 2015 में सभी जिलों में सिपाही और जैप के जवानों की नियुक्ति के लिए विज्ञापन जारी किया गया था। वर्ष 2018 में नियुक्ति प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। पूर्व के आदेश के तहत इस मामले में नियुक्ति हुए सभी सिपाहियों को पक्ष रखने के लिए अदालत ने मौका दिया था। इसके लिए सार्वजनिक नोटिस भी जारी किया गया था। जिसके बाद से करीब सात हजार सिपाही इस मामले में प्रतिवादी बने हैं।

# हाईकोर्ट ने सीबीआई डीआइजी को स्टेटस रिपोर्ट दायर करने का दिया निर्देश

द्वितीय जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा गड़बड़ी मामला

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** द्वितीय जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा की सीबीआई जांच कराने वाली बुद्धदेव उरांव की जनहित याचिका एवं राज्य सरकार की अपील की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में बुधवार को हुई। मामले में सीबीआई की ओर से जो स्टेटस रिपोर्ट दाखिल किया गया, वह वर्ष 2014 का था। जिस पर कोर्ट ने सीबीआई के अधिवक्ता को सीबीआई एसपी को कोर्ट की सुनवाई में ऑनलाइन जोड़ने को कहा। बाद में सीबीआई डीआईजी, पटना कोर्ट के समक्ष ऑनलाइन जुड़े। कोर्ट ने सीबीआई डीआईजी, को निर्देश दिया कि 2 सप्ताह में वह मामले में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल कर बताएं कि केस किस स्टेज में है। कोर्ट ने उन्हें कहा कि अगर सीबीआई चार्जशीट दाखिल कर दिया है और अभियोजन स्वीकृति के लिए गई हैं, तो अभियोजन स्वीकृति पर सुप्रीम कोर्ट का एक समय सीमा सीमा में निर्णय लेने का आदेश है। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 6 सितंबर निर्धारित की है। मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई। जेपीएससी की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरवार एवं प्रिंस कुमार ने पैरवी की।

## जमीन घोटाले का आरोपी प्रेम प्रकाश गया जेल

**रांची।** बुधवार को जमीन घोटाले के मामले में आरोपी पावर ब्रोकर प्रेम प्रकाश को 5 दिनों की पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया। इससे पूर्व आरोपी प्रेम प्रकाश को बुधवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत में पेश किया गया। पेशी के बाद ईडी की ओर से आगे पुलिस रिमांड की मांग नहीं की गई। ईडी की ओर से कहा गया कि अब मामले में वर्तमान में पूछताछ की जरूरत नहीं है। इसे जेल भेजने का अनुरोध किया। इसके बाद कोर्ट ने न्यायिक हिरासत में लेते हुए उसे जेल भेज दिया गया है। मामले में ईडी ने 12 अगस्त को प्रोडक्शन वारंट पर कोर्ट में पेश किया गया था। ईडी ने उसे 5 दिनों की पूछताछ के लिए अदालत की अनुमति के बाद अपने कब्जे में लिया था। 5 दिनों की रिमांड अवधि पूरी होने के बाद उसे अदालत में पेश किया गया था।

## 54 पीड़ितों व आश्रितों को मिलेगा मुआवजा

**रांची।** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में बुधवार को अनुशंसा समिति की बैठक हुई। पीड़ित कल्याण निधि नियम, 2014 के संबंध में अनुशंसा समिति की बैठक में उपस्थित सदस्यों द्वारा पीड़ित कल्याण निधि नियम 2014 के तहत कुल 54 पीड़ित/उनके उत्तराधिकारी को मुआवजा भुगतान सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। समिति के सदस्यों ने मुआवजा पीड़ितों / पीड़ित के आश्रितों द्वारा उचित पहचान, सत्यापन और रसीद की पुष्टि के बाद अंतरिम भुगतान के रूप में दिया जायेगा। अंतिम भुगतान का फैसला पीड़ित की रिहाई के बाद किया जाएगा। बैठक में एसएसपी किशोर कौशल, राकेश रंजन, हामिद अख्तर, जितेंद्र नारायण उपस्थित हुए।


**दक्षिण पूर्व रेलवे निविदा**

**ई-निविदा सूचना सं.: टीआरडी-आरएनसी-23-24-14, दिनांक 14.08.2023;** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टीआरडी), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का संक्षिप्त विवरण:** (1) टटीसिलवे (डाउन) में 6.10 मी. चौड़े फुट ओवर ब्रिज द्वारा मौजूदा स्टेशन फुट ओवर ब्रिज के प्रतिस्थापन के कारण ओएचई का सुधार। (2) तुलिन स्टेशन में 6.10 मी. चौड़े फुट ओवर ब्रिज द्वारा मौजूदा स्टेशन फुट ओवर ब्रिज के प्रतिस्थापन के कारण ओएचई का सुधार। (3) टांगरबासली स्टेशन में अतिरिक्त प्लेटफॉर्म के निर्माण तथा फुट ओवर ब्रिज के विस्तार के लिए ओएचई का सुधार। (4) बड़कीचांपी स्टेशन में अतिरिक्त हाई लेवल प्लेटफॉर्म नं. 2 के निर्माण के लिए ओएचई का सुधार। **कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 46,13,644.79। **ईएमडी/बोली सुरक्षा:** रु. 92,300; **बंद होने की तारीख एवं समय:** 08.09.2023 को अपराह्न 3.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। निविदादाताओं/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट अवश्य होना चाहिए तथा आईआरईपीएस पोर्टल पर पंजीकृत होना चाहिए। सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ही ई-निविदा प्रणाली में भाग ले सकते हैं। (PR-514)


# समृद्धशाली और खुशहाल झारखंड के निर्माण के लिए हम सभी एकजुट हों : राज्यपाल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड की राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राज्य की उप राजधानी दुमका में तिरंगा फहराया। इस दौरान उन्होंने शहीदों को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। स्वतंत्रता दिवस की 77वीं वर्षगांठ पर राज्यवासियों को बधाई दी। राज्यपाल राधाकृष्णन ने दुमका के पुलिस लाइन मैदान में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर तिरंगा फहराने के बाद कहा कि राज्य के विकास में सबों का प्रयास आवश्यक है। उन्होंने राज्य की जनता को आह्वान किया कि आज हम सभी एक समृद्धशाली और खुशहाल झारखंड का निर्माण करने के लिए एकजुट होकर प्रयास करने का संकल्प लें। स्वतंत्रता दिवस समारोह के इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के अलावा स्थानीय विधायक बसंत सोरेन, संथालपरगना प्रमण्डल के आयुक्त लालचंद डाडेल, डीआईजी सुदर्शन प्रसाद मंडल, एसकेएमयू के कुलपति विमल कुमार सिंह, जिले के उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे, एसपी पीताम्बर सिंह खेरवार, जिला परिषद की अध्यक्ष जॉयस बेसरा समेत कई स्थानीय जनप्रतिनिधि और प्रशासन अधिकारी मौजूद थे।



**सभी वर्गों का हो विकास**

राज्यपाल ने कहा कि विकास का लाभ राज्य के सभी वर्गों को विशेषकर वंचित वर्गों तक पहुंचे। सरकार इस दिशा में प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि जनता के सहयोग से सरकार सभी चुनौतियों का सामना करने में सक्षम होगी। उन्होंने कहा कि विकास के साथ-साथ हमारी सरकार लोक कल्याणकारी दायित्वों का निर्माण भी पूरी तत्परता के साथ कर रही है। राज्य के सभी वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगों और निःसहाय महिलाओं को सर्वजन पेंशन योजना के तहत पेंशन प्रदान किया जा रहा है। अब तक लगभग 12 लाख से अधिक अतिरिक्त लाभुकों को इस योजना से जोड़ा जा चुका है।

**बेहतर करने वाले सम्मानित**

राज्यपाल ने कहा कि स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से हमारे देश ने सभी क्षेत्रों में प्रगति की है। विश्व के मानचित्र पर आज भारत की पहचान एक सफल लोकतांत्रिक देश के रूप में है। विकास की अपनी इस यात्रा में हमने कई उतार-चढ़ाव देखे हैं लेकिन हमने मिलकर देश के विकास मार्ग में आने वाले हर बाधा और मुश्किल का सफलतापूर्वक सामना किया है। राज्यपाल ने कहा कि झारखंड सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन, खेल सभी क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रही है। सरकारी विभागों में शीघ्र नियुक्तियां होने जा रही है। राज्यपाल ने बेहतर कार्य करने वाले को सम्मानित किया।

# विस नियुक्ति गड़बड़ी मामला : जस्टिस विक्रमादित्य की रिपोर्ट तलब

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा में नियुक्ति गड़बड़ी मामले में शिव शंकर शर्मा की जनहित याचिका की सुनवाई हाईकोर्ट में बुधवार को हुई। सुनवाई के दौरान अपर महाधिवक्ता जयप्रकाश ने विधानसभा सचिव की ओर से कोर्ट को बताया कि कैबिनेट सेक्रेटेरिएट ने ही जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद कमीशन की रिपोर्ट को जस्टिस एसजे मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली कमीशन के पास भेजा है, इसलिए कैबिनेट सेक्रेटेरिएट से जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट मांगी गई है। कोर्ट ने विधानसभा के आग्रह को देखते हुए मामले की सुनवाई 4 अक्टूबर निर्धारित की है। कोर्ट ने विधानसभा नियुक्ति में गड़बड़ी की जांच करने वाली जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद कमीशन की रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।

प्रार्थी के अधिवक्ता राजीव कुमार की ओर से पूर्व की सुनवाई में कोर्ट को बताया गया था कि मामले की जांच को लेकर पहले जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की अध्यक्षता वाली वन मैन कमिशन बनी थी। जिसने मामले की जांच कर राज्यपाल को वर्ष 2018 में रिपोर्ट सौंपी थी। जिसके आधार पर राज्यपाल ने विधानसभा अध्यक्ष को एक्शन लेने का निर्देश दिया था। लेकिन वर्ष 2021 के बाद से अब तक कोई एक्शन नहीं लिया गया है। इस पर विधानसभा की ओर से बताया गया था कि जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की कमीशन की रिपोर्ट पूरी तरीके से स्पेसिफिक नहीं थी। जिस कारण जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद के कमीशन की रिपोर्ट का अध्ययन करने के लिए एक और जस्टिस एसजे मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली कमीशन बनी है।

## राज्यपाल ने अटल बिहारी वाजपेयी को दी श्रद्धांजलि

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने अटल बिहारी वाजपेयी को उनके पुण्यतिथि पर सोशल मीडिया के जरिए श्रद्धांजलि अर्पित की है। राज्यपाल ने ट्वीट करते हुए लिखा है कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर उन्हें कोटि-कोटि नमन है। राज्यपाल ने बुधवार को कहा कि विश्वपटल पर एक आदर्श की प्रतिमूर्ति माने जाने वाले इस महान व्यक्तित्व ने अपना सम्पूर्ण जीवन राष्ट्र सेवा और मानव-कल्याण में समर्पित कर दिया। उनके आदर्श और विचार सदैव सबके लिए प्रेरणादायी है।

# सरकार संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के प्रति प्रतिबद्ध : विधानसभा अध्यक्ष

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** संविधान निर्माण में शामिल संविधान सभा में झाड़खंड के तीन महान पुरुषों, जयपाल सिंह मुंडा, डॉ बोनीफास लकड़ा और देवेन्द्र नाथ सामंत की तैल चित्र विधानसभा में लगाई जायेगी। संविधान जागार जातरा द्वारा आर्यभप्त सभागार में बुधवार को आयोजित संविधान ही समाधान विषय पर विचार विमर्श कार्यक्रम में झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रवींद्र महतो ने कहा। संविधान ही समाधान विषय पर बोलते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने संविधान निमार्ताओं के अथक प्रयासों और मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि संविधान की मूल भावना को हर नागरिक को समझना चाहिए। विधानसभा अध्यक्ष ने आगे कहा कि झारखंड में भी सरकार हर संभव संवैधानिक प्रदत अधिकारों की रक्षा के प्रति प्रतिबद्ध है। मुंबई से भाग लेने आईं पोक्सो पर एक्सपर्ट और महिला बाल उत्पीड़न मामले में कार्यरत युवा अधिवक्ता यशस्विनी सहाय ने कहा कि महिलाओं और बच्चों की उत्पीड़न और अमानवीय कृत्य अत्याचार के मामले लगातार बढ़ रहें हैं। लेकिन जानकारी नहीं होने के कारण घटना होने पर न्यायालय से न्याय नहीं मिल पा रहा है। डॉ अलेक्स एक्का ने कहा कि संविधान ही वह आधार है जिसके सहारे हर नागरिक अपने अधिकारों की जानकारी लेकर लोकतंत्र की रक्षा में अपना योगदान दे सकता है। बलराम जी ने संविधान निर्माण में शामिल सभी लोगों की जानकारी देते हुए मौलिक अधिकार, समानता के अधिकार और संविधान में हुये संशोधन की जानकारी दी।



## झारखंड के तमाम ग्रामवासियों को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर हार्दिक बधाई



# साहू नर्सरी

नगड़ी प्रखंड
सपारोम
राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड हरियाणा से मान्यता प्राप्त

---

नगड़ी प्रखंड के तमाम ग्रामवासियों 77वा स्वतंत्रता दिवस के मौके हार्दिक शुभकामनाएं



## सहाबीर लोहरा

नगड़ी प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष

---

नगड़ी प्रखंड के सभी ग्राम वासियों तथा देशवासियों को स्वतन्त्रता दिवस के शुभ अवसर पर ढेर सारी बधाई एवं शुभकामना



## नुतन कुमारी

प्रखंड विकास पदाधिकारी नगड़ी

---

झारखंड के तमाम ग्रामवासियों को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर हार्दिक बधाई



## प्रभात तिर्की

राष्ट्रीय आदिवासी छात्र संघ
कार्यकारी अध्यक्ष

---

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

केंद्रीय सदस्य आजसु पार्टी सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी

## रोशन लाल चौधरी

निवेदक: केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, प्रखंड अध्यक्ष आजसू गौतम वर्मा

---

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

जय भीम, जय भारत, जय संविधान

## सुनीता देवी

मुखिया पंचायत बादम
निवेदक: पूर्व मुखिया, दीपक दास बड़कागांव

---

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

## हाजी तबस्सुम

20 सूत्री अध्यक्ष, प्रखंड बड़कागांव

---

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

## विनोद तिर्की

थाना प्रभारी, बड़कागांव

---

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

## केदार महतो

पूर्व पंसस, मुस्कान रेस्टोरेंट
प्रो. प्रमोद कुमार उर्फ पिंटू

---

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

## तकरिमूल्ला

मुखिया, पंचायत बड़कागांव मध्य बड़कागांव

---

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

## लीलावती देवी

मुखिया, नयाटांड़
निवेदक: अजीत महतो, बड़कागांव

---

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

## सिकंदर मेहता

संचालक: सीएसपी एचडीएफसी चम्पाडीह बगीचा

---

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

## गीता देवी

जिला परिषद सदस्य, बड़कागांव पूर्वी
निवेदक: समाजसेवी दीपक करमाली

---

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

## संजीव बेदिया

केंद्रीय सचिव झारखंड मुक्ति मोर्चा सह राज्य परिवहन प्राधिकार संयुक्त सदस्य बड़कागाव

---

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

## आर्य इंफ्रास्ट्रक्चर

प्रोपराइटर: पंकज कुमार आर्य

---

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

## गणेश साव

मुखिया,पंचायत नापोखुर्द बड़कागांव

---

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

## सुलेखा कुमारी

मुखिया पंचायत सांढ
निवेदक: पूर्व मुखिया भीखन महतो, बड़कागांव

---

पदमा प्रखंड वासियों, शिक्षा प्रेमियों व खेल प्रेमियों को आजादी के 77वां स्वतंत्रता दिवस के मौके पर हार्दिक शुभकामनाएं

## बसन्त नारायण मेहता

जिला परिषद सदस्य

---

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

## सुरेश महतो

प्रशासनिक, विधायक प्रतिनिधि बड़कागाँव

---

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

## अंबा प्रसाद

सदस्य झारखंड विधानसभा
बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र

---

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

## पारसनाथ महतो

पंचायत कांड तरी, बड़कागांव

---

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

## पूजा कुमारी

मुखिया, पंचायत चौपदार बलिया बड़कागांव
निवेदक: चंदन पुरी

---

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

## निवेदक:

शांति सेवा सदन, बड़कागांव

---

युवा कांग्रेस नेता सह तिलेश्वर साहू सेना केंद्रीय अध्यक्ष की ओर से आजादी के 77वां स्वतंत्रता दिवस के मौके पर पदमा प्रखंड सहित पूरे बरही विधानसभा वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

## अरुण साहू

वरिष्ठ कांग्रेस नेता सह तिलेश्वर साहू सेना केंद्रीय अध्यक्ष

---

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

## कुशवाहा राकेश मेहता

युवा कुशवाहा, झारखंड प्रदेश सचिव सह युवा क्रांतिकारी जेबीकेएसएस बड़कागांव

---

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

## सोनाराम मांझी

केंद्रीय सदस्य झारखंड मुक्ति मोर्चा उरीमारी, बड़कागांव

---

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर सीसीएल हजारीबाग कोयला क्षेत्र के सभी कामगारों, मजदूरों, विस्थापित-प्रभावितों,अधिकारियों, पदाधिकारियों,ट्रक मालिकों और डीओ धारकों को हार्दिक शुभकामनाएं।

## निवेदक :-

| | | |
|---|---|---|
| महाप्रबंधक | - | के के सिन्हा। |
| सिविल विभाग | - | रवि कुमार। |
| वित्त प्रबंधक | - | संजीव कुमार गुप्ता। |
| सेल्स विभाग | - | सत्यप्रकाश। |
| विधुत एवं यांत्रिक विभाग | - | उज्जवल सिन्हा। |
| तापीन नार्थ पीओ | - | आरएन सिंह। |
| तापीन नार्थ खान प्रबंधक | - | एलके राय। |
| तापीन नार्थ डिस्पैच ऑफिसर | - | शनि यादव। |
| तापीन साउथ पीओ | - | एमके पांडेय। |
| तापीन साउथ खान प्रबंधक | - | भूषण कुमार। |

सीसीएल हजारीबाग कोयला क्षेत्र (चरही) हजारीबाग

---



# ₹25 लाख की रंगदारी मांगनेवाली अपराधी की प्रेमिका समेत दो को जेल

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** हिंदपीढ़ी थाना पुलिस ने जेल में बंद आपराधी के निर्देश पर दवा कारोबारी से रंगदारी मांगने के आरोप में एक महिला समेत दो आरोपी को जेल भेज दिया है। जेल भेजी गयी महिला नेहा सोनी रांची के सबसे बड़े दवा कारोबारी आजाद हिंद फार्मा से 25 लाख रुपये की रंगदारी मांगी थी। वह हिंदपीढ़ी की रहनेवाली है। पुलिस ने इस मामले में नेहा के साथ-साथ एक अन्य आरोपी राजू वर्मा को भी गिरफ्तार किया है। दोनों ने मिलकर व्हाट्सएप कॉल के जरिये राजधानी के आधा दर्जन से ज्यादा लोगों से रंगदारी की डिमांड की थी। जिन लोगों से रंगदारी की डिमांड की गयी थी उनमें सबसे महत्वपूर्ण नाम रांची के सबसे बड़े दवा दुकान आजाद हिंद फार्मा का है। इस बाबत हिंदीपीढ़ी थाना क्षेत्र के सैनिक मार्केट में स्थित आजाद हिंद फार्मा के मालिक मोहम्मद मिनहाजुद्दीन से नेहा सोनी और राज वर्मा ने 25 लाख रुपये मांगने के मामले में हिंदपीढ़ी थाना में एक प्राथमिकी दर्ज करायी थी। नेहा सोनी ने पैसे नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी थी।

**छोटू खान की गर्लफ्रेंड है नेहा सोनी** : रंगदारी के मामले रिपोर्ट होने के बाद रांची के सीनियर एसपी किशोर कौशल ने एक टीम का गठन कर आरोपियों को गिरफ्तार करने का टास्क दिया। साइबर सेल और टेक्निकल सेल की मदद नेहा सोनी की पहचान हुई। ठोस प्रमाण मिलने के बाद महिला थाने की टीम के साथ नेहा सोनी को धर दबोचा गया। पूछताछ में नेहा सोनी ने बताया है कि वह रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में बंद अपराधी छोटू खान की प्रेमिका है। उसके जेल जाने के बाद वह उसी के इशारे पर रांची के कारोबारियों से रंगदारी की डिमांड कर रही थी।

## राज्य के नौ प्रखंडों में बनेगी ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट

**रांची।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा केंद्र संपोषित योजना पीएम आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन स्कीम के तहत वित्त वर्ष 2023-24 से 2025-26 में झारखंड में कुल 136 ब्लॉक में ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट की स्वीकृति दी गई है। प्रत्येक यूनिट की स्थापना में 80 लाख 96 हजार रुपए खर्च किए जाएंगे। इनमें आधारभूत संरचना पर 50 लाख, जबकि अन्य पर कुल 30 लाख 96 हजार रुपए खर्च होंगे। रांची जिले में कुल 9 ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट की स्थापना होगी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इसके लिए 7 करोड़ 28 लाख 64 हजार रुपए की योजना की स्वीकृति दी गई है। बताते चलें कि बीपीएचयू की स्थापना उसी संस्थान में भूमि की उपलब्धता के आधार पर जी या जी- 1 के अनुरूप की जायेगी।

## माकपा नेता सुभाष मुंडा हत्याकांड में शामिल एक और अपराधी धराया, दर्ज हैं 24 मामले

**रांची।** माकपा नेता सुभाष मुंडा हत्याकांड में शामिल एक और अपराधी को रांची पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति के ऊपर 24 आपराधिक मामले दर्ज हैं। गिरफ्तार व्यक्ति का नाम कन्हैया सिंह उर्फ लखिन्द्र सिंह है जो खूंटी जिले का रहने वाला है। फिलहाल वह रांची जिले के पंडरा इलाके में रह रहा था। रांची पुलिस ने सूचना मिलने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ करने के दौरान मामले में उसने अपनी संलिप्तता स्वीकार की है।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार इसके ऊपर खूंटी और रांची जिले के अलग-अलग थानों में कुल 24 मामले दर्ज हैं। गौरतलब हो कि 26 जुलाई को दलादली चौक के नजदीक नेता सुभाष मुंडा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी.इस मामले में रांची पुलिस ने पहले भी तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## खबर एक नजर में

### राजभवन में स्वागत समारोह का आयोजन



**रांची।** राजभवन में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन की उपस्थिति में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं उनकी पत्नी कल्पना सोरेन, विधानसभा अध्यक्ष रविन्द्र नाथ महतो, पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी मौजूद थे। इनके अलावा सांसदगण, मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक समेत प्रशासनिक व पुलिस सेवा के वरीय अधिकारीगण, सैन्य अधिकारीगण, पद्म पुरस्कार से सम्मानित व समाज के विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले व्यक्तिगण, राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ीगण आदि मौजूद थे।

### अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि



**रांची।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर झारखंड विधानसभा परिसर स्थित उनके आदम कद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। विस के प्रभारी सचिव सैयद हैदर के नेतृत्व में श्रद्धांजलि सभा की गयी थी। विधानसभा कर्मियों व पदाधिकारियों को अटल जी को नमन किया।

### डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने किया झंडारोहण



**रांची।** डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने आवासीय कार्यालय में झंडोत्तोलन किया। समारोह में उप-विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था) राजेश्वर नाथ आलोक, अपर समाहर्त्ता, राजेश कुमार बरवार, जिला परिवहन पदाधिकारी प्रवीण प्रकाश, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी रांची डॉ प्रभात शंकर, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी रांची अंजना दास, जिला कल्याण पदाधिकारी संगीता शरण, निदेशक डीआरडीए रांची रामवृक्ष महतो, ओएसडी उपायुक्त रांची राजेश कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, अल्बर्ट बिलुंग, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, वीरेंद्र चौबे, उप निदेशक सामाजिक सुरक्षा रांची रविशंकर मिश्रा, अंचल अधिकारी (शहरी) समेत कई अधिकारी शामिल थे।

### प्रदेश कांग्रेस भवन में अध्यक्ष ने फहराया तिरंगा



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी ने 15 अगस्त को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, कांग्रेस भवन, रांची में धूमधाम से 77वां स्वतंत्रता दिवस मनाया। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने झण्डोतोलन किया। प्रदेश कांग्रेस सेवादल के मुख्य संगठन नेली नाथन द्वारा गॉड ऑफ ऑनर दिया गया। झंडे को सलामी दी गयी। इस अवसर पर राजेश ठाकुर ने कांग्रेसजनों को संबोधित करते हुए कांग्रेसजनों एवं राज्य की जनता को 77वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई दी। कहा कि हमारे पूर्वजों ने जिस तपस्या, संघर्ष एवं बलिदान से न सिर्फ देश को आजाद कराया बल्कि देश के नवनिर्माण की आधारशिला रखी है, स्वतंत्रता का इतिहास कांग्रेस का इतिहास है।

### किशोर मंत्री ने किया चैंबर भवन में झंडारोहण

**रांची।** भारत के 77 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर चैंबर भवन में झंडोत्तोलन किया गया। इस अवसर पर चैंबर सदस्यों ने देश के अमर शहीद और स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया। इस मौके पर चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री, उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, अमित शर्मा, महासचिव डॉ अभिषेक रामाधीन, सह सचिव रोहित पोद्दार, शैलेश अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष नवलकिशोर सिंह, कार्यकारिणी सदस्य नवजोत अलंग, अनिस बुधिया, राहुल साबू, राम बांगड, सदस्य आनंद जालान, रमेश साहू, किशन अग्रवाल, विकास झाझरिया, राजीव चौधरी, ब्रजेश कुमार, कृष्णा अग्रवाल, घनश्याम शर्मा, संदीप नागपाल, धीरज ग्रोवर, रमेश कुमार, संजय सिंह, राजीव बग्गा, दिलबहार अली आदि सदस्य उपस्थित थे।


### जुडको ने किया 10 हजार पौधरोपण

**रांची।** जुडको की ओर से रांची पेयजलापूर्ति के लिए पाईपलाईन बिछाने वाली कंपनी एलएनटी द्वारा सीआरपीएफ कैंप परिसर में 10 हजार पौधे लगाये गये। स्वतंतत्रा दिवस पर पर्यावरण की सुरक्षा एवं प्रदूषण रोकने की उद्देश्य से पौधारोपण किया गया। जवानों ने संकल्प लिया कि वे रोपे गये पौधों का अपनी संतान की तरह ध्यान रखेंगे। खाद पानी देते रहेंगे।

### मीडियाकर्मी मंजीत का निधन

**रांची।** मीडियाकर्मी मंजीत खड़कवाल का बुधवार को इलाज के क्रम में राँची के राज अस्पताल में निधन हो गया। धुर्वा के सीटीओ स्थित श्मशान घाट में उनका अंतिम संस्कार किया गया। वे बीते कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे और राँची स्थित राज अस्पताल में इलाजरत थे। वे शहर के एक कुशल ग्राफिक्स डिजाइनर थे। मनजीत अपने पीछे छोटा सा परिवार छोड़ गये हैं जिसमें उनकी पत्नी सावित्री खड़कवाल एवं एक पुत्र तुसार कुमार खड़कवाल हैं।

### सीएमपीडीआइ के सीएमडी ने किया ध्वजारोहण



**रांची।** सीएमपीडीआई के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार ने 15 अगस्त को रांची मुख्यालय में ध्वजारोहण किया। मौके पर उन्होंने कहा कि देश में कोयला उद्योग की ऊर्जा क्षेत्र में और कोल इंडिया की कोयला क्षेत्र में प्रमुख दावेदारी है। कोल इंडिया ने वर्ष 2022-23 में 700 मिलियन टन कोयला उत्पादन के लक्ष्य की तुलना में 703 मिलियन टन उत्पादन किया है। वर्ष 2023-24 में कोयला उत्पादन लक्ष्य 780 मिलयन टन है जिसको हासिल करने के लिए सभी सहायक कम्पनियां प्रयासरत हैं। इस अवसर पर शंकर नागाचारी, अजय कुमार, सुमित कुमार सिन्हा, एके राणा समेत मुख्यालय तथा क्षेत्रीय संस्थान-3 के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### आजसू प्रमुख ने अटल बिहारी वाजपेयी को किया नमन



**रांची।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 5वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने दिल्ली स्थित समाधिस्थल सदैव अटल पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। एनडीए के घटक दल के नेता के तौर पर श्रद्धांजलि सभा में शामिल सुदेश कुमार महतो ने कहा है कि भारतीय राजनीति के युगपुरुष वाजपेयी का विराट व्यक्तित्व करोड़ों हृदय में बसता है। प्रखर वक्ता के साथ दूरदर्शी सोच और दृढ़ विचारों के लिए उन्हें युगों तक याद किया जायेगा।

### तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आज से

रांची। अनुसंधान प्रशिक्षण विद्यालय में तीन दिवसीय (17 से 19 अगस्त तक) प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। जिसमें पुलिसकर्मियों को नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) एक्ट के गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान के विषय में विस्तार से जानकारी दी जायेगी। इस दौरान एनडीपीएस एक्ट के कांडों में अभियुक्तों को सजा दिलवाने, नियमानुसार मादक पदार्थों की जब्ती और एनडीपीएस एक्ट के संबंध में सभी कानूनी पहलुओं से अवगत कराया जायेगा।

## निर्मला कॉन्वेंट में सांस्कृतिक समारोह



**रांची।** निर्मला कॉन्वेंट हाई स्कूल एदलहातू में 77वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया।प्राचार्य विजय कुमार शर्मा तथा 10वीं की टॉपर अंजलि नायक के माता पिता ने झंडोत्तोलन किया। उप प्राचार्य शिल्पी रानी ने राष्ट्र सेवा की शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि सीमा शर्मा ने कहा कि विद्यालय परिवार ने ऐसे वातावरण का निर्माण किया है, जिसमें बच्चे तनावमुक्त होकर हर तरह की जरूरी शिक्षा प्राप्त करते हैं।

## सहयोग की भावना से सर्वांगीण विकास संभव : डॉ टीके शांडिल्य



**रांची।** 77वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर डीएसपीएमयू रांची और विवि छात्रावास में कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने झंडोत्तोलन किया। इस अवसर पर मार्चपास्ट परेड का प्रदर्शन किया। वहीं, वीसी ने एनसीसी कडेट्स को पुरस्कृत भी किया। उन्होंने कहा कि युवाओं को ही इस देश की जिम्मेवारी लेनी है। हमें सामूहिकता की सोच के साथ देश और विश्वविद्यालय के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ नमिता सिंह, वित्त पदाधिकारी डॉ आनंद कुमार मिश्र, प्रॉक्टर पंकज कुमार, पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह थे।

## घर-घर रोजगार का लक्ष्य तय हो : राजेश



**रांची।** राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा प्रदेश कार्यालय कैंपस में प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय राजेश कुमार गुप्ता ने राष्ट्रीय तिरंगा का ध्वजारोहण किया। मौके पर शंभू कुमार, प्रशांत कुमार, अनुपम उपाध्याय, प्रदेश उपाध्यक्ष सूबेदार एसएन सिंह कुशवाहा, प्रदेश सचिव आत्माराम साहू, कार्यालय प्रभारी संतोष शर्मा, छात्र नेता कमलेश चौधरी, अधिवक्ता प्रवीण कुमार, इंद्रजीत बड़ाइक, एस एम आलम, आशीष कुमार साहू, प्रेमजीत टूटी, शुभम कुमार, प्रत्यूष कुमार उपस्थित थे।

## आइएसएम पुंदाग में स्वतंत्रता दिवस मना



**रांची।** आईएसएम पुंदाग में 77वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक सह सचिव डॉ गंगा प्रसाद सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। उन्होंने कहा कि भारत को विकसित देश के श्रेणी में तभी हम ला सकते जब उग्रवाद, भ्रष्टाचार, जातिवाद, बेरोजगारी, भुखमरी आदि पर विजय पा लेंगे। ध्वजारोहण समारोह के अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष आरएके वर्मा ने सभी शिक्षकों और छात्र-छात्राओं को बधाई दी और देश को सामाजिक और आर्थिक रूप से सर्वाधिक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए संकल्प लेने का आह्वान किया।

## आरयू के वीसी ने किया झंडारोहण



**रांची।** 77वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर रांची विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने मोरहाबादी स्थित बेसिक साइंस परिसर में झंडोत्तोलन किया। कुलपति ने कहा कि आज हमारा देश जहां है, वह गर्व का विषय है। कुलपति ने कहा कि हम महिला सशक्तिकरण पर कार्य कर रहे हैं।

## रातू रोड के आर्यपुरी में ध्वजारोहण हुआ



**रांची।** स्वतंत्रता दिवस पर रातू रोड के आर्यपुरी मार्ग-एक में न्यू गोल्डेन स्टार क्लब की ओर से समारोह का आयोजन किया गया। पूर्व वार्ड पार्षद सुनीता देवी ने इस मौके पर ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम में ऋषिका कुमारी, अदीति, मिष्टी कुमारी, ऋत्विक कुमार, नंदिनी, आदित्य कुमार, जितेंद्र पहलवान, धर्मेंद्र प्रसाद, गोलू, ऋत्विक, पियूष, लड्डू कुमार, अंश सिंह थे।

## बीआइटी लालपुर में केंद्र निदेशक ने किया झंडारोहण

**रांची।** आजादी के 77वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बीआईटी लालपुर के प्रांगण में झंडोत्तोलन केन्द्र की निदेशक डॉ वंदना भट्टाचार्य ने झंडोत्तोलन कर स्वतंत्रता सेनानियों को नमन किया।

## डीएवी बरियातू में ब्रिगेडियर ने किया ध्वजारोहण

**रांची।** डीएवी पब्लिक स्कूल बरियातू में 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर मनीष त्रिपाठी ने ध्वजारोहण किया। प्राचार्य विनय कुमार पाण्डेय ने कहा कि हमारे लिए यह दिन स्वतंत्रता सेनानियों के लिए कृतज्ञता प्रकट करने का दिन है। मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर मनीष त्रिपाठी ने विद्यार्थियों को कहा कि वे अपनी शिक्षा का सदुपयोग देश की सेवा के लिए करें, अभिभावकों से कहा कि वे अपने बच्चों के आदर्श उदहारण बनें।

## बीएसएफ कमांडेंट की प्रतिनियुक्ति अवधि खत्म

**रांची।** बीएसएफ के कमांडेंट आशुतोष कुमार सिंह की झारखंड में प्रतिनियुक्ति अवधि खत्म हो गई है। आशुतोष कुमार सिंह वर्तमान में जैप 5 कमांडेंट के पद पर पदस्थापित थे।

## परिवहन निगम के कर्मियों का समायोजन

**रांची।** बिहार राज्य पथ परिवहन निगम के विघटन की तिथि (एक जुलाई 2004) से कार्यरत राज्य के चार पथ परिवहन निगम के कर्मियों को राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के कार्यालय में समायोजित कर लिया गया है परंतु 64 फोर्थ ग्रेड के कर्मचारी ऐसे थे, जिनका समायोजन नहीं हो सका था। नतीजा वो कोर्ट चले गये और कोर्ट में पारित आदेश के बाद उन्हें रांची, धनबाद, दुमका एवं जमशेदपुर को उनके चतुर्थ संवर्गो में सभी अर्हताओं को पूरा करते हुए समायोजित मान लिया गया। अब, परिवहन विभाग ने इस संबंध में संकल्प जारी कर दिया है।

## भारत निर्वाचन आयोग की टीम पहुंची रांची लोस चुनाव की तैयारी का लेगी जायजा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** लेकसभा चुनाव को लेकर तैयारी में जुटी भारत निर्वाचन आयोग की टीम दो दिनों के दौरे पर झारखंड पहुंची है। ये टीम बुधवार शाम तक रांची पहुंच जाएगी। सीनियर डिप्टी कमिश्नर डॉ धर्मेंद्र शर्मा के नेतृत्व में सीनियर डिप्टी कमिश्नर नीतेश व्यास, मनोज कुमार साहु, प्रिंसिपल सेक्रेटरी अरविंद आनंद, अंडर सेक्रेटरी तनुज कुमारी और सेक्शन ऑफिसर देवेश कुमार शामिल रहेंगे।

### 17 अगस्त को होगी बैठक

झारखंड दौरे पर आ रही चुनाव आयोग की टीम 17 अगस्त को सुबह 10:30 बजे से रांची के होटल बीएनआर में बैठक करेगी। इसमें मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 की समीक्षा होगी। इस दौरान सभी जिलों के उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा अपने-अपने जिले से संबंधित रिपोर्ट प्रस्तुत किया जाएगा। इसके अलावा आयोग के समक्ष झारखंड में मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रगति से संबंधित प्रजेंटेशन प्रस्तुत किया जाएगा। मालूम हो कि चुनाव आयोग की बैठक को लेकर रांची में तैयारियां शुरू हो गई है। 17 अगस्त को होने वाली बैठक के बाद आयोग की टीम का निकटवर्ती जिलों में भ्रमण करने की संभावना है। खबर के मुताबिक झारखंड के बाद चुनाव आयोग की टीम पश्चिम बंगाल के दौरे पर जाएगी, जहां वो लोकसभा चुनाव को लेकर की जा रही तैयारी का जायजा लेंगे।

## भाजपा में स्वयं को स्थापित करने को संकल्प यात्रा निकाल रहे बाबूलाल : कांग्रेस

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की कल से शुरू होने वाली संकल्प यात्रा पर तंज कसते हुए प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने कहा कि यह संकल्प यात्रा नहीं बल्कि बाबूलाल अपने आप को भाजपा में स्थापित करने के लिए यह यात्रा निकाल रहे हैं। क्योंकि भाजपा के केन्द्रीय नेतृत्व बाबूलाल जैसे आयातीत नेताओं को कमान सौंपने के बाद भाजपा में बेचैनी बढ़ गई है। भाजपा के पुराने नेता और कार्यकर्ता भाजपा से दूरी बनाने लगे हैं। यही कारण है कि अपने कार्यकताओं और नेताओं के बीच स्वयं को स्थापित करने के लिए यह संकल्प यात्रा निकाली जा रही है।

प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने कहा कि जब मणिपुर में आदिवासी महिलाओं के साथ अमानवीय व्यवहार किया जा रहा था तब बाबूलाल खामूश क्यों थे, महंगाई, बेरोजगारी, देश की गिरती अर्थव्यवस्था, देश की संवैधानिक संस्थाओं का दुरूपयोग, महिला खिलाडियों का शोषण, समाज में नफरत का माहौल चरम पर है तो बाबूलाल को इन मुद्दों को लेक यह संकल्प यात्रा निकालनी चाहिए। देश के इन ज्वलंत मुद्दों छोड़कर बाबूलाल जी अपने आप को सिर्फ स्थापित करने के लिए अगर यात्रा निकाल रहे हैं, तो वह न तो भाजपा में स्थापित हो सकते हैं और न ही इस राज्य में।

## नाम बदल कर आदिवासी जमीन की हो रही लूट : बाबूलाल मरांडी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सीएम सहित उनके परिजनों पर नाम बदल बदलकर जमीन लूट में शामिल होने का आरोप लगाया है। श्री मरांडी बुधवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि रांची में दहरू मुंडा नामक एक आदिवासी की जमीन 2002 में हेमंत सोरेन ने हेमंत कुमार सोरेन के नाम से खरीदी है। इसी तरह रांची से संताल परगना तक जमीन खरीद में शिबू सोरेन ने शिव सोरेन बनकर जमीन ली है। शिबू सोरेन के बेटे बसंत सोरेन ने इस काम के लिए पिता का नाम शिवा कुमार सोरेन दिखाया है। उन्होंने हैरानी जताते कहा कि राज्य का आदिवासी सीएम ही आदिवासी की जमीन लूटने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी सरकार को तो बर्खास्त होनी चाहिये। उन्होंने कहा कि राज्य की भ्रष्ट, लूटेरी सरकार के कारनामों और उसके हकीकत को जनता को 17 अगस्त से राज्य भर में शुरू होने वाले संकल्प यात्रा के दौरान बताया जायेगा। उन्होंने कहा कि जमीन लूट में अपने फंसने का भय सीएम को है। यही कारण है कि ईडी के बुलावे से उन्हें भय है। वे महंगे वकीलों की सेवाएं लेने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह से सुप्रीम कोर्ट में उन्होंने अपनी प्रॉपर्टी के बारे में जानकारी दी है, उससे साफ जाहिर होता है कि 2002 से ही फ्रॉड करके रांची से लेकर संथाल दुमका तक हेमंत सोरेन और उनके परिवार के सदस्यों ने प्रॉपर्टी खरीदी है। इस अवसर पर शिवपूजन पाठक भी उपस्थित थे।

## बदले गये दशम फॉल और अनगड़ा थानेदार

**रांची।** रांची एसएसपी किशोर कौशल ने बुधवार को दो थानेदार का तबादला कर दिया। सब इंस्पेक्टर प्रेम प्रकाश को दशम फॉल का नया थाना प्रभारी बनाया गया है। वहीं दशम फॉल थाना प्रभारी विष्णुकांत को अरगोड़ा थाना में योगदान देने के लिए कहा गया है। अनगड़ा थाना प्रभारी नवीन कुमार को कांके थाना में योगदान देने के लिए कहा गया है। वहीं कांके थाना में पदस्थापित दिलेश्वर कुमार को अनगड़ा का नया थाना प्रभारी बनाया गया है। इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है।

**कई अन्य पुलिसकर्मियों का भी हुआ तबादला** : दो थानेदारों को बदले जाने के अलावा एसएसपी किशोर कौशल ने कई अन्य पुलिस पदाधिकारियों का भी तबादला किया है। पुलिस केंद्र में मौजूद कई पुलिस अधिकारियों को थाना में योगदान देने के लिए कहा गया है। निशा कुमारी, बैजनाथ कुमार, शेखर कुमार सिंह, माजिद आलम, नीरज कुमार, निर्मल कुमार मंडल समेत कई पुलिस अधिकारी पुलिस केंद्र में पदस्थापित थे उन्हें तत्काल अलग-अलग स्थान में योगदान देने के लिए कहा गया है।

एसएसपी ने सब इंस्पेक्टर और असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर का तबादला किया है। सब इंस्पेक्टर सुमन टूडू को नगड़ी थाना से डेली मार्केट थाना में पद स्थापित किया गया है। सब इंस्पेक्टर उदित प्रकाश को नगड़ी थाना से सदर थाना में पदस्थापित किया गया है। असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर श्याम बिहारी रजक को नगड़ी थाना से जगन्नाथपुर थाना में पदस्थापित किया गया है। असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर इंद्रदेव को नगड़ी थाना से बुंडू थाना में स्थापित किया गया है।

## रिपीटेड ब्रेन स्ट्रोक व अवसाद में पूर्व विधायक संजीव सिंह एम्स रेफर

**रांची।** झरिया के पूर्व विधायक संजीव सिंह की तबियत ज्यादा खराब हो गयी है, उन्हें रिम्स से एम्स रेफर कर दिया गया है। संजीव को रिपीटेड ब्रेन स्ट्रोक हो रहा है। इस कारण उच्चतर इलाज के लिए रिम्स से उन्हें एम्स रेफर करने की अनुशंसा की गई है। इस बाबत रिम्स अधिक्षक ने धनबाद मंडल कारा के अधीक्षक को सूचना दे दी है। आईजी कारा और कोर्ट से आदेश मिलने के बाद संजीव को एम्स भेजा जाएगा।

## मेफेयर अपार्टमेंट में वृंदावन से पधारे श्रीराम कृष्ण जी महाराज ने बहायी भक्ति की गंगा

# श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर आंसू रोक नहीं पाये श्रोता

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** ओटीसी मैदान के समीप स्थित मेफेयर अपार्टमेंट में बुधवार को श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन कृष्ण जन्मोत्सव के मौके पर भक्ति की गंगा बहायी। श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में पहुंचे श्रोता चार घंटे तक भक्ति रस में डुबकी लगाते रहे।

बताते चलें कि श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के पहले दिन रविवार की सुबह 9 बजे मेफेयर अपार्टमेंट से कलश यात्रा निकाली गई थी। इस कलश यात्रा में 101 महिलाएं शामिल थीं। सभी अपने-



अपने माथे पर कलश लेकर जल लेने को पंडरा मध्य विद्यालय के समीप स्थित देवी मंडप पहुंची और जल भरकर सभी महिलाएं जुलूस की शक्ल में मेफेयर अपार्टमेंट वापस आयीं थी। इसके बाद से ही श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के तहत रोज विभिन्न प्रसंगों को लेकर वृंदावन से पधारे कथा वाचक श्रीराम कृष्ण जी महाराज कथा वाचन करते रहे।

**दूसरे पहर कथा और शाम में अरती का आयोजन** : रोज की तरह बुधवार को भी श्रीमद भागकथ ज्ञान यज्ञ के दूसरे पहर यानी 3:30 बजे से श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के तहत कथा की शुरूआत की गयी। कथावाचक के रूप में वृंदावन से पधारे श्री रामकृष्ण जी महाराज ने अपनी कथा वाचन से श्रोताओं के मन मोह लिया। चौथे दिन की कथा समाप्ति के उपरांत आरती का आयोजन किया गया। इस मौकते पर यजमान के रूप में श्री भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के आयोजक ध्रुव चौरसिया और उनकी पत्नी सरिता चौरसिया थीं।

**श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में आज** : श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन दोपहर साढ़े तीन बजे से कथा वाचन होगा। वृंदावन से पधारे कथा वाचक श्रीराम कृष्ण जी महाराज मकटा फोड़ और माखन चोरी की कथा से श्रोताओं को अवगत करायेंगे।

# स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं


समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की 76वीं वर्षगांठ पर बधाई
आज़ादी का अमृत महोत्सव
जय हिन्द

सत्य प्रकाश चंदेल
समाजसेवी, रांची झारखंड

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सुधा
मिल्क और मिल्क प्रोडक्ट्स
बोकारो डेयरी

SNK SANMARG
Let's feel proud to be a part of our glorious NATION
And hoist the Tricolor high sending you warm wishes...

ADITYA BIRLA
HINDALCO
हिण्डाल्को इण्डस्ट्रीज लि.
झारखंड माइंस परिवार की ओर से
स्वतंत्रता दिवस 2023
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
जय हिंद, जय भारत

स्वतंत्रता दिवस की 76वीं वर्षगांठ की बधाई
सोनिया गांधी जिंदाबाद जय कांग्रेस मल्लिकार्जुन खड़गे जिंदाबाद
ममता देवी
पूर्व विधायक रामगढ़
बजरंग महतो
पूर्व प्रत्याशी रामगढ़ विस

स्वतंत्रता दिवस की 76वीं वर्षगांठ की शुभकामनाएं
अशोक कु. महतो
केंद्रीय सदस्य आजसू पार्टी

स्वतंत्रता दिवस की 76वीं वर्षगांठ की शुभकामनाएं
राकेश कु. सिंह
वन क्षेत्र पदाधिकारी गोला वन क्षेत्र, रामगढ़

स्वतंत्रता दिवस की 76वीं वर्षगांठ की शुभकामनाएं
सिद्धांत
थाना प्रभारी गोला रामगढ़

स्वतंत्रता दिवस की 76वीं वर्षगांठ की शुभकामनाएं
कपिल कुमार
प्रखंड विकास पदाधिकारी गोमिया, बोकारो

स्वतंत्रता दिवस की 76वीं वर्षगांठ की शुभकामनाएं
प्रमोद कुमार
उप मुखिया, कथारा पंचायत, बोकारो

स्वतंत्रता दिवस की 76वीं वर्षगांठ की शुभकामनाएं
प्रिंस कुमार सिंह
कथारा ओपी प्रभारी बोकारो

स्वतंत्रता दिवस की 76वीं वर्षगांठ पर रामगढ़वासियों को बधाई
ग्लोब स्टील एंड एलॉयज प्रा. लि. रावता, रामगढ़

आजादी की 76वीं वर्षगांठ की बधाई
जय हिन्द
स्पंज आयरण के निर्माता
आलोक स्टील इंडस्ट्रीज प्रा. लि.
मरार रामगढ़
दूरभाष : 06553-226828

स्वतंत्रता दिवस की 76वीं वर्षगांठ की शुभकामनाएं
द्वारिका प्र. राणा
प्रखंड अध्यक्ष भाजपा चंदवारा कोडरमा

स्वतंत्रता दिवस की 76वीं वर्षगांठ की शुभकामनाएं
कृष्णा यादव
युवा नेता, जेबीकेएसएस सदस्य बरही, चंदवारा

स्वतंत्रता दिवस की 76वीं वर्षगांठ की शुभकामनाएं
राजेंद्र कु. राजू
प्रधानाध्यापक मनोज यादव चिल्ड्रेन प्रोग्रेसिव स्कूल

स्वतंत्रता दिवस की 76वीं वर्षगांठ पर रामगढ़ वासियों को बधाई
जय हिन्द
चिंतापूर्णी स्टील प्रा. लि. मांडू

स्वतंत्रता दिवस की 76वीं वर्षगांठ की बधाई
कैपिटल विश्वविद्यालय
CAPITAL UNIVERSITY
100% SCHOLARSHIP
कैपिटल विश्व विद्यालय
झुमरीतिलैया

स्वतंत्रता दिवस की 76वीं वर्षगांठ की शुभकामनाएं
श्री दिगंबर जैन विद्यालय
झुमरीतिलैया

स्वतंत्रता दिवस की 76वीं वर्षगांठ की शुभकामनाएं
प्रमोद वर्णवाल
कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष चंदवारा कोडरमा

स्वतंत्रता दिवस की 76वीं वर्षगांठ की शुभकामनाएं
तिलेश्वर साहू
चंदवारा

स्वतंत्रता दिवस की 76वीं वर्षगांठ की शुभकामनाएं
स्थानीय ट्रक ओनर एसोसिएशन
कोडरमा

स्वतंत्रता दिवस की 76वीं वर्षगांठ की शुभकामनाएं
फिरोज खान
मैनेजर क्यू एफ एक्स ट्रेड लिमिटेड, डोमचांच

स्वतंत्रता दिवस की 76वीं वर्षगांठ की शुभकामनाएं
शोभा देवी
मुखिया, डगरनवां मरकच्चो
निवेदक वीरेंद्र राय कोडरमा

स्वतंत्रता दिवस की 76वीं वर्षगांठ की बधाई
Baijnath Prasad Snehi College of Pharmacy
बैजनाथ प्रसाद स्नेही कॉलेज
झुमरीतिलैया

स्वतंत्रता दिवस की 76वीं वर्षगांठ की शुभकामनाएं
ज्ञान संकल्प
झुमरीतिलैया कोडरमा

स्वतंत्रता दिवस की 76वीं वर्षगांठ की शुभकामनाएं
सैनिक स्कूल
कक्षा 6 और 9 में सत्र 2024-25 में नामांकन की सूचना एनटीए की वेबसाइट पर जल्द उपलब्ध होगी
कोडरमा

स्वतंत्रता दिवस की 76वीं वर्षगांठ की शुभकामनाएं
जगन्नाथ प्रसाद
प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी कोडरमा

स्वतंत्रता दिवस की 76वीं वर्षगांठ की शुभकामनाएं
क्रांति कु. चांद
एपीओ कोडरमा

स्वतंत्रता दिवस की 76वीं वर्षगांठ की बधाई
आरपी मोदी इंटरनेशनल हाई स्कूल
Mr. Ramdeo Modi Director
Mr. Vikram Kr. Sinha Principal
जय हिन्द

स्वतंत्रता दिवस की 76वीं वर्षगांठ की बधाई
आयुष्मान भारत-मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना
'आयुष्मान पखवाड़ा'
E-Kyc के माध्यम से प्रत्येक सदस्य
5 लाख रुपये तक का प्रतिवर्ष, प्रति परिवार मुफ्त उपचार
सदर अस्पताल कोडरमा

स्वतंत्रता दिवस की 76वीं वर्षगांठ की शुभकामनाएं
संदीप कुमार
सहायक विद्युत अभियंता डोमचांच

स्वतंत्रता दिवस की 76वीं वर्षगांठ की शुभकामनाएं
सौरभ कु. झा
कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग चंदवारा

स्वतंत्रता दिवस की 76वीं वर्षगांठ की शुभकामनाएं
विनोद कुमार
थाना प्रभारी तिलैया कोडरमा

स्वतंत्रता दिवस की 76वीं वर्षगांठ की शुभकामनाएं
पुष्पा देवी
मुखिया थाम पंचायत चंदवारा कोडरमा

स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
INDIA
रामधन यादव,अध्यक्ष,जिला परिषद सह राजद,कोडरमा

स्वतंत्रता दिवस की 76वीं वर्षगांठ पर कोडरमावासियों को बधाई
श्री कान्हा जी स्वीट्स
चंदवारा कोडरमा

स्वतंत्रता दिवस की 76वीं वर्षगांठ की शुभकामनाएं
तिलेश्वर साहू सेना
चंदवारा प्रखंड अध्यक्ष सह चंदवारा पश्चिमी मुखिया

स्वतंत्रता दिवस की 76वीं वर्षगांठ की शुभकामनाएं
लक्ष्मी साव
समाजसेवी खांडी पंचायत चंदवारा कोडरमा

स्वतंत्रता दिवस की 76वीं वर्षगांठ की शुभकामनाएं
नीतिश
थाना प्रभारी चंदवारा कोडरमा

स्वतंत्रता दिवस की 76वीं वर्षगांठ की शुभकामनाएं
छोटेलाल
समाजसेवी चंदवारा कोडरमा

स्वतंत्रता दिवस की 76वीं वर्षगांठ की शुभकामनाएं
उमाशंकर अकेला
बरही विधायक सह निवेदन समिति सभापति

स्वतंत्रता दिवस की 76वीं वर्षगांठ की शुभकामनाएं
संजय कु. यादव
प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदवारा, कोडरमा

# जश्ने जीत

आजादी के जश्न पर यह जीत बड़ी खुशी देने वाली है। चेन्नई में खेली गई चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय जांबाजों ने आखिरकार ट्रॉफी पर कब्जा कर ही लिया। वैसे तो पूरे टूनामेंट में भारतीय टीम विजेता की तरह खेली और उसने सात में से छह मैच जीते और एक ड्रॉ कराया। हालांकि फाइनल में पहले हॉफ में वह मलेशिया से पिछड़ती नजर आई। लेकिन आखिरी समय में भारतीय हॉकी खिलाड़ियों ने हमले में पैनापन दिखाया और मलेशिया को हरा चैंपियंस ट्रॉफी भारत की झोली में डाली। कह सकते हैं कि भारतीय टीम बाजी पलटते हुए चैंपियन बनी। इस शानदार खेल के बूते ही भारत चौथी बार चैंपियन बन सका। इससे पहले भारत 2011, 2016 और 2018 में एशियाई चैंपियन रह चुका है। मैच में विजयी गोल दागकर आकाशदीप सिंह ने दुनिया को बता दिया कि भारतीय हॉकी का आकाश विस्तृत है। दरअसल, खेल में पैनापन लाकर ही भारतीय खिलाड़ियों ने हाफ टाइम तक 3-1 की बढ़त लेने वाली मलेशिया टीम को मैच के आखिरी क्षणों में बचाव की स्थिति में ला दिया। टीम प्रबंधन विचार करे कि मैच के आखिरी क्षणों में भारतीय टीम जिस लय में दिखी, वह पहले हाफ में क्यों नजर नहीं आया। यह जज्बा अगले माह चीन में होने वाले एशियाई खेलों के लिये हौसला बढ़ाने वाला होगा। उल्लेखनीय है कि एशियाई खेलों में वही टीमें खेलेंगी, जिन्हें हराकर भारत ने एशियाई चैंपियनशिप जीती है। महत्वपूर्ण यह भी कि यदि भारतीय टीम एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीत लेती है तो वर्ष 2024 में होने वाले पेरिस ओलंपिक खेलों में खेलने के लिये भारतीय हॉकी टीम को सीधा टिकट हासिल हो जायेगा। विश्व में चौथी रैंकिंग वाली भारतीय टीम को नंबर एक का तमगा हासिल करने के लिये अभी और कड़ी मेहनत की जरूरत है।

# विपक्ष की रणनीति

जाहिर है अविश्वास प्रस्ताव का इरादा सही प्रतीत होता है। परंतु मोदी के 133 मिनट लंबे भाषण के 90वें मिनट में गांधी और शेष विपक्षी सदस्य उत्तर देने के अपने अधिकार को समर्पित करके लोकसभा से बाहर निकल गए। निश्चित रूप से प्रधानमंत्री मणिपुर पर कुछ और लंबी अवधि तक बोल सकते थे, विपक्ष के बाहर जाने के बाद उन्होंने बोला भी। परंतु उन्होंने अपना ज्यादातर समय भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार के बचाव में लगा दिया और इस बारे में ज्यादा कुछ नहीं बताया कि उनकी सरकार पूर्वोत्तर के राज्य में शांति स्थापना के लिए क्या करने जा रही है।मणिपुर के भाजपा सांसद राजकुमार रंजन सिंह जो केंद्रीय मंत्री भी हैं और जैसा कि कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने बताया भी कि उनके निजी आवास को आग के हवाले कर दिया, वह संसद में बोले ही नहीं। बाहरी मणिपुर लोकसभा से भाजपा के सहयोगी नगा पीपुल्स फ्रंट के सांसद लोर्हो एस फोजे भी कुछ नहीं बोले।इस प्रक्रिया में विपक्ष ने अपने उस दायित्व को त्याग दिया जिसमें वह प्रधानमंत्री से यह पूछ सकता था कि उन्होंने गोलपोस्ट क्यों बदला और मणिपुर के मौजूदा हालात की बात करते हुए मिजोरम में 1966 में घटी घटनाओं का उल्लेख क्यों किया।समाजवादी नेता जेबी कृपलानी द्वारा अगस्त 1963 में पहला अविश्वास प्रस्ताव पेश किए जाने के बाद अब तक 28 अविश्वास प्रस्ताव पेश किए जा चुके हैं और इतने अवसरों के बीच यह एक दुर्लभ अवसर था जब विपक्ष ने बहस का जवाब देने के अपने अधिकार का इस्तेमाल नहीं किया। क्या गांधी इसलिए सदन से चले गए क्योंकि मोदी ने नेहरू-गांधी परिवार पर हमला किया? थकी बयानबाजी और लंबे समय तक चले निराशाजनक भाषणों से यह संकेत भी निकला कि अविश्वास प्रस्ताव में ऐसे अहम मुद्दों पर अधिक सौहार्दपूर्ण चर्चा भी की जा सकती है।

# डिजिटल भारत में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के यक्ष प्रश्न





- सुरेश सेठ

> अन्य भाषाओं में पूछे गए छोटे उत्तरों वाले सवालों में अगर 80 फीसदी उत्तर सही आते हैं तो बड़े प्रश्न वाले उत्तर में 8 फीसदी तक ही उत्तर सही आ पाते हैं। इतिहास, सेहत, खेल, कंप्यूटर, गणित, करंट अफेयर, भाषा विज्ञान और पर्यावरण विज्ञान के प्रश्न-पत्र डालकर यह परीक्षा ली गई। पंजाबी व हिंदी-अंग्रेजी के 300 नमूनों के सवाल डाले गए। चैट जीपीटी ने 67 फीसदी, 80 फीसदी व 98 फीसदी अंक हासिल किए।

भारत में जब तरक्की, विकास और उपलब्धि की गणना होती है तो देश के बहुत कम समय में दुनिया में एक इंटरनेट शक्ति बन जाने की बात आती है। रिकॉर्ड समय में डिजिटल भारत बना दिया गया। अगर रोबोट, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और ब्राडबैंड डिजिटल प्रसार की बात होती है तो देश आज किसी भी नवसंचार चेतना के अग्रदूत से कम नहीं माना जाता है।

आजकल दुनियाभर में चैट जीपीटी का बोलबाला है। कहा जा रहा है कि चैट जीपीटी ने इन्सान को इतनी कृत्रिम बौद्धिक शक्ति प्रदान कर दी है जिससे संकट पैदा हो गया है कि शायद उसे अब मौलिक चेतना और बौद्धिक विकास की जरूरत ही नहीं पड़ेगी। जब हर प्रश्न का जवाब गढ़ा-गढ़ाया चैट जीपीटी पर हो तो कोई अपनी बुद्धि को कष्ट क्यों देगा? यही नहीं, चैट जीपीटी को नेताओं को उनके भाषण, कवियों को उनकी कविताओं के उचित शब्द, नाटकों के संवाद और अध्यात्म के नये शब्द भी समझा सकती है। संकट पैदा हो गया कि अगर ऐसा हो गया तो प्रखर चेतना वाले इन्सान क्या हाथ पर हाथ धरे बैठे रहेंगे। क्या उनकी मौलिक सृजनात्मक प्रतिभा के मुकाबले में यह यांत्रिक असाधारण क्षमता अवरोध बनकर खड़ी हो जाएगी? क्या नेताओं के तेज-तर्रार भाषण, नाटकों के चुटीले संवाद, कविताओं के अगले तुक अब चैट जीपीटी देगा? क्या इसकी गुणवत्ता सीमाहीन है। एक बार तो चैट जीपीटी की इस क्षमता ने सबको चौंका दिया।

बिल्कुल इसी तरह जैसे किंडल के आगमन ने पुस्तक की उपयोगिता पर प्रश्नचिन्ह लगा दिए थे। कहा गया था कि अब पुस्तक का अस्तित्व मिट जायेगा व पत्र-पत्रिकाएं भी अप्रासंगिक हो जाएंगी जबकि ई-संचार माध्यम पर हर किताब, पत्रिका और हर समाचार उपलब्ध है। लेकिन यांत्रिकता तो यांत्रिकता होती है। अभी इसकी सीमा और संभावनाओं पर कई शोध भी होने लगे हैं।

पंजाबी यूनिवर्सिटी के पंजाबी विभाग के पंजाबी कंप्यूटर सहायता केन्द्र के अध्यापक ने एक शोध किया जिसने अलग-अलग भाषाओं में चैट जीपीटी की गुणवत्ता पर सवालिया निशान लगा दिए। नतीजा यह निकला कि अंग्रेजी से हटते ही क्षेत्रीय भाषाओं में एक तो इस सॉफ्टवेयर का अनुवाद मॉडल पूरी तरह से विकसित नहीं और दूसरी बात इसमें जितना गुड़ डालोगे, उतना ही मीठा होगा। अर्थात ? पत्रकार और कवि आदि इंटरनेट पर ब्लॉग, विकिपीडिया और वेबसाइट्स पर जितनी अपनी रचनाएं और जानकारी साझा करेंगे उतना ही चैट जीपीटी की उड़ान भी चलेगी। शोधकताओं ने बताया कि अन्य भाषाओं में पूछे गए छोटे उत्तरों वाले सवालों में अगर 80 फीसदी उत्तर सही आते हैं तो बड़े प्रश्न वाले उत्तर में 8 फीसदी तक ही उत्तर सही आ पाते हैं। इतिहास, सेहत, खेल, कंप्यूटर, गणित, करंट अफेयर, भाषा विज्ञान और पर्यावरण विज्ञान के प्रश्न-पत्र डालकर यह परीक्षा ली गई। पंजाबी व हिंदी-अंग्रेजी के 300 नमूनों के सवाल डाले गए। चैट जीपीटी ने 67 फीसदी, 80 फीसदी व 98 फीसदी अंक हासिल किए। इसी तर्ज पर पंजाबी भाषा के कंप्यूटर ज्ञान विषय में अकाल यूनिवर्सिटी तलवंडी साबो में केवल 8 प्रतिशत अंक हासिल हुए। यह बात अन्य डिजिटल प्रयोगों में भी महसूस की गई है।

देखा गया है कि पंजाबी और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं के मॉडल पूरी तरह विकसित नहीं होते हैं। इंटरनेट पर पंजाबी की पाठ्य सामग्री की कमी के कारण पंजाबी के बड़े सवालों के जवाब में प्रदर्शन खराब हो जाता है। इसलिए अगर चैट जीपीटी को भारत के लिए उपयोगी बनाना है तो भारत की क्षेत्रीय भाषाओं व हिंदी और पंजाबी आदि में भी पूरा ज्ञान और पाठ्य सामग्री अपलोड करनी पड़ेगी, नहीं तो जवाब असंबद्ध आने लगेंगे। यही बात गूगल के प्रयोग में भी देखी गई है। गूगल का भी हर जवाब सही नहीं होता, अगर उसमें नवीनतम जानकारी नहीं डाली जाती है।

बेशक कृत्रिम बुद्धिमत्ता उपकरणों के लिहाज से पिछले दिनों में रोबोट का इस्तेमाल भी बहुत प्रचलित हुआ है लेकिन रोबोट भी दो तरह के देखे गए। एक तो वे रोबोट जिनको आप निर्दिष्ट निदेशों का पालन करने के लिए सिखाते हैं। वे केवल उतना ही करते हैं जितना उनकी यांत्रिकता में शामिल है। अब कृत्रिम बुद्धि का समावेश भी रोबोट में करने की कोशिश की जा रही है। यह कोशिश जितनी सफलता हासिल कर सकेगी, उतना ही रोबोट हर क्षेत्र में उपयोगी होगा। लेकिन भारत जैसे देश में, जहां आबादी 140 करोड़ के आसपास जाकर चीन को पछाड़ दुनिया की सबसे बड़ी आबादी बनने जा रही है, वहां आधुनिक रोबोट क्या इंसानी रोजगार की जगह नहीं ले लेंगे। पहले ही भारत में काम करने योग्य व्यक्ति को रोजगार नहीं मिलता। उन्हें सरकारी अनुकम्पा और रियायती अनाज के सहारे जीना पड़ता है। अगर रोबोट का इस्तेमाल भारत में भी इसी तरह प्रचलित हो गया तो करोड़ों लोगों की यह श्रमशक्ति कहां जाएगी। क्या विदेश में पलायन होगा, जहां उनसे सस्ती दरों पर काम लिया जायेगा।

भारत में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षितिज यहीं तक नहीं हैं। अभी नई दिल्ली में एक अभियान नीति आयोग ने संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से वन नेशन वन डिजिटल लाइब्रेरी के नाम से शुरू किया है। इसमें दिल्ली के हरेक पुस्तकालय की जानकारी पाठक को घर बैठे मिलेगी। पाठक को केवल इंडियन कल्चर पोर्टल पर लॉग इन करना पड़ेगा। चुनींदा लाइब्रेरियों की दुर्लभ किताबें उसके सामने खुलने लगेंगी। अभी यह शुरूआत सात लाइब्रेरियों से की गई है। इसमें 700 दुर्लभ किताबें शामिल हैं।

संस्कृति मंत्रालय की संयुक्त सचिव के मुताबिक, देशभर के सभी पुस्तकालयों, उनकी सांस्कृतिक व ऐतिहासिक किताबों की विरासत, पांडुलिपियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए वन नेशन वन डिजिटल लाइब्रेरी अभियान शुरू किया गया है। लेकिन यहां राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का कथन भी महत्वपूर्ण है कि ज्ञान को सुलभ बनाने के लिए डिजिटलीकरण जरूरी है लेकिन क्या डिजिटलीकरण से ज्ञान सुलभ हो जाएगा? क्या इसमें अध्यापक का मार्गदर्शन कोई मायने नहीं रखता? जो विद्वान रास्ता दिखा सकते हैं, क्या यंत्र उसका विकल्प बन सकते हैं? इंसान का विकल्प कभी यांत्रिकीकरण नहीं होता। हां, वह इन्सान का सहयोगी हो सकता है और इन्सान की पहुंच को बढ़ा सकता है।

अभी भारत सरकार ने ग्रामीण क्षेत्र के लिए डिजिटल ब्रॉडबैंड की शक्ति प्रदान करने की घोषणा भी कर दी है। यानी गांवों के लोग भी डिजिटल दुनिया से जुड़ जाएंगे। लेकिन बेहतर होता कि उनकी आर्थिक सीमाओं, शिक्षा स्तर का भी ध्यान कर लिया जाता।

## खास बात

# निजी निवेश में कमी

गुरबचन सिंह

भारत में निजी निवेश में बड़ी गिरावट देखी गई है और यह वर्ष 2007-08 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 27.5 प्रतिशत से घटकर वर्ष 2020-21 में करीब 20 प्रतिशत रह गया है। आखिर इसकी वजह क्या है? अगर निवेश, बचत से अधिक है तब ब्याज दर बढ़ जाती है। वहीं अगर निवेश बचत से कम है तब ब्याज दर में कमी आएगी जब तक कि यह शून्य या शून्य के निचले स्तर को न छू ले। लेकिन भारत में ऐसा नहीं हुआ है ऐसे में यहां मानक विश्लेषण लागू होता है। अब मुख्य विश्लेषण की ओर आते हैं। लगभग वर्ष 2003 से 2010 तक जीडीपी वृद्धि दर लगभग 8 प्रतिशत तक रही थी और इसमें वैश्विक अर्थव्यवस्था में तेजी का योगदान भी था। यह उस दौर में और उससे पिछले वर्षों के दौरान जारी रहीं घरेलू नीतियों के कारण भी था। जीडीपी की वृद्धि उस ह्यरुझानह्न से ऊपर तेजी से बढ़ी।

यह प्रशंसा करने योग्य बात है कि कई लोगों के लिए घरेलू बचत दर, इस अनिश्चितता के कारण बढ़ गई कि जीडीपी की बहुत ऊंची वृद्धि दर वास्तव में टिकाऊ है या नहीं। हालांकि, कुल बचत दर में दीर्घकालिक वृद्धि का रुझान था और यह वर्ष 2000 के 24 प्रतिशत से तेजी से बढ़कर सात वर्षों में 34 प्रतिशत हो गई।

हालांकि तेजी के दौर में बचत दर ऊंची थी लेकिन उपभोग मांग की कुल मात्रा भी प्रभावी तरीके से बढ़ रही थी। इसके अलावा निर्यात मांग भी बढ़ रही थी। ऐसे में उत्पादन के लिए अधिक क्षमता की आवश्यकता थी। नतीजतन, निवेश की दर ऐसे समय में बढ़ी जब घरेलू बचत दर भी बढ़ी और विदेशी पूंजी प्रवाह भी अधिक था। बचत और निवेश दोनों अधिक थे, ऐसे में ब्याज दरों पर अधिक प्रभाव नहीं पड़ा। निश्चित रूप से सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर ऊंची थी। वर्ष 2012 तक, भारत में जीडीपी की वृद्धि दर महज 5 प्रतिशत से कुछ अधिक थी। एक विस्तारवादी व्यापक आर्थिक नीति का उपयोग किया गया लेकिन एक वक्त के बाद यह काम नहीं आया। दरअसल, महंगाई बढ़ गई और निजी निवेश की दर कम हो रही थी। 2012 से 2020 तक रियल एस्टेट उद्योग में एक विशेष तरह की मंदी के कारण जीडीपी वृद्धि में कमजोरी बढ़ गई थी।

# भक्ति और विकास

## धर्म-प्रवाह



जीव या मनुष्य परमात्मा का ही दुर्बल और विकृत भाव है। दरअसल जीव कोई वस्तु नहीं, परमात्मा ही अनेक रूपों में प्रतिभासित हो रहा है। जब तक हमारी कल्पना जीवभाव में रहती है तब तक अपनी शक्ति और सामर्थ्य भी वैसी ही तुच्छ और कमजोर दिखाई देती है। ईश्वर-भक्ति से कीट के अंग परिवर्तन जैसा प्रारंभिक कष्ट तो अवश्यंभावी है, किंतु जीव का विकास सुनिश्चित है। प्रारंभ में वह स्वार्थ, परमार्थ, माया, ब्रह्म, लोक और परलोक की मोह-ममता में परेशान रहता है। कीट जिस तरह भ्रमर का गुँजन पसंद तो करता है, किंतु वह अंहभाव छोड़ने के लिये तैयार नहीं होता, उसी प्रकार जीव का अंहभाव में बने रहना प्रारंभिक स्थिति है, उसके लिए जिद करना, मचलना साधना की प्रारंभिक अवस्था है। उसे पार कर लेने पर जब वह नितांत ब्राह्मी स्थिति अर्थात तदाकार में बदल जाता है तो उसका अंहभाव एक विशाल शक्तिमान रूप में परिणत हो जाता है । वह अपने को ही ब्रह्म के रूप में देखने लगता है। ₹मैं ही ब्रह्म हूँ₹ यह स्थिति ऐसी है जिसमें जीव की शक्तियाँ विस्तीर्ण होकर ईश्वरीय शक्तियों में बदल जाती हैं।

संसार में सुख, स्वामित्व और विकास के लिए जो वस्तु आवश्यक है, वह शक्ति भी उसे मिलती है। यह निश्चित है कि मनोवांछित सफलता और जीवन विकास का अधिष्ठाता परमात्मा ही है। उसकी भक्ति के बिना वह सब उपलब्ध नहीं हो सकता, जिसकी कामना करते हैं।

भारतीय राजनीति के शिखर पुरुष, पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की पुण्यतिथि पर उन्हें कोटि कोटि नमन।

उनके मानवता और राष्ट्रवाद से प्रेरित सिद्धांत, हमें समावेशी, विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की प्रेरणा देते हैं।

**- अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री**

## रोचक ट्वीट

पश्चिमी सिंहभूम जिले के टोंटो क्षेत्र में नक्सल मुठभेड़ में शहीद झारखण्ड जगुआर के सब इंस्पेक्टर अमित तिवारी जी और हवलदार गौतम कुमार जी के पार्थिव शरीर पर माल्यार्पण कर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

**- हेमंत सोरेन, सीएम**





पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्व.अटल बिहारी वाजपेयी जी की पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि। वह देशवासियों के हृदयों में अटल सत्य बनकर जीवंत रहेंगे।

**- सुदेश महतो आजसू**

# हिंदुस्तान में सार्वजनिक शौचालयों के प्रणेता:बिन्देश्वर पाठक

डॉ. रमेश ठाकुर

कुछ लोग समाज में ऐसी अमिट छाप छोड़ जाते हैं, जिन्हें संसार कभी नहीं भूलता। देशभर में सार्वजनिक शौचालय की स्थापना, उन्हें साफ-सुथरा रखने का संकल्प लिया। उस संकल्प को पूरा करके भी दिखाया।

अपने संकल्प को सिद्धि में बदलने के लिए बिंदेश्वर पाठक ने जब शुरूआत की तो लोगों ने खिल्ली उड़ाई। जिनमें गैरों के साथ उनके अपने भी थे। एक मर्तबा उनके ससुर ने भी बोल दिया था कि अपनी बेटी का ब्याह उन्होंने गलत आदमी से कर दिया। ससुर ने बिंदेश्वर पाठक से कहा, आपको शर्म नहीं आती, पंडित होकर भी टॉयलेट साफ करते फिरते हो। लेकिन बिंदेश्वर पाठक ठान बैठे थे कि उन्हें ऐसा कुछ करना है, जिससे सबकी सोच बदले।

बिंदेश्वर पाठक हिंदुस्तान में सार्वजनिक शौचालयों के प्रणेता थे। देशभर में सार्वजनिक स्थानों पर उन्होंने सुलभ शौचालयों का निर्माण करवाया। विशेषकर, बस अड्डे, बाजारों, मॉल्स, पुलिस थानों आदि जगहों पर उन्होंने टॉयलेट स्थापित कर लोगों को सुविधाएं प्रदान की। हाईवे पर बने सुलभ शौचालय भी उनके मिशन का हिस्सा हैं। बिंदेश्वर पाठक का टॉयलेट मिशन कुछ ही सालों में देखते ही देखते जन आंदोलन में तब्दील हो गया।

पंद्रह अगस्त को जब समूचा देश आजादी के पर्व में मग्न था, बिंदेश्वर पाठक अपने अंतिम सफर पर निकलने की शायद तैयारी कर रहे थे। तड़के दिल्ली स्थिति अपने कार्यालय पर उन्होंने

## स्मृति शेष



स्वतंत्रता दिवस का जैसे ही ध्वजारोहण किया, उसके तुरंत बाद जमीन पर बेहोश होकर गिर पड़े। ऐसा उनके साथ एकाध दफा पहले भी हुआ, तब परिजन उन्हें अस्पताल लेकर गए और ठीक हो गए। लेकिन शायद 15 अगस्त 2023 का दिन ईश्वर ने उन्हें अपने पास बुलाने के लिए तय किया हुआ था। इस बार वो ऐसे गिरे कि उठ ना पाए।

केंद्र सरकार ने उनको पद्म भूषण पुरस्कार दिया। इसके अलावा एनर्जी ग्लोब अवार्ड, बेस्ट प्रैक्टिस के लिए दुबई इंटरनेशनल अवार्ड, स्टॉकहोम वाटर प्राइज, पेरिस में फ्रांसीसी सीनेट से लीजेंड ऑफ प्लैनेट अवार्ड जैसे कई अंतरराष्ट्रीय सम्मान भी उन्हें मिले। पाठक ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन पर द मेकिंग ऑफ ए लीजेंड पुस्तक भी लिखी थी जिसकी प्रधानमंत्री ने खुद सराहना की थी। पाठक को पुरस्कार देते हुए पोप जॉन पॉल द्वितीय ने कहा था कि वे पर्यावरण के सच्चे प्रेमी हैं, उनसे हम सभी को सीख लेनी चाहिए।

उन्होंने आधुनिक तकनीकों और मानवीय सिद्धांतों के साथ कदम मिलाकर 1970 में सुलभ इंटरनेशनल सोशल सर्विस ऑर्गनाइजेशन का श्रीगणेश किया था। सुलभ शौचालय की शुरूआत कम संसाधन और सीमित आय से हुई। चंद पूंजी के साथ और अकेले दम पर इतने बड़े मिशन की उन्होंने नींव रखी। उनके इस मिशन का मकसद था साफ-सफाई, मानव अधिकारों, पर्यावरण स्वच्छता, ऊर्जा के गैर-पारंपरिक स्रोतों, अपशिष्ट प्रबंधन और सामाजिक सुधारों को बढ़ावा देना। उनकी पहल अब दुनिया भर के विकासशील देशों में स्वच्छता का पर्याय बन चुकी है। पाठक का स्वच्छता आंदोलन स्वच्छता सुनिश्चित करता है और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को रोकता है। ऐसे व्यक्ति का यूं चले जाना, निश्चित रूप से बड़ा आघात है।

## कॉर्टून वर्ल्ड




साभार कॉर्टूनमूवमेंट डॉट कॉम

## लेटर टू एडिटर

### डिजिटल का नुकसान

जैसे-जैसे दुनिया तेजी से डिजिटल युग में अपना विस्तार कर रही है, नॉन फंजीबल टोकन्स (एनएफटी), कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और मेटावर्स जैसी तकनीक की प्रगति ने कला और संग्रहणीय बाजार, वाणिज्य और संचार सहित समाज के विभिन्न पहलुओं में क्रांति ला दी है। इस क्रांति के पीछे कई नकरात्मक तथ्य भी कार्य कर रहें हैं जिन पर कंट्रोल आवश्यक है। **- रमाशंकर, रातू**

### झूठे मुकदमों में वृद्धि

उल्लेखनीय है कि कुछ इसी तरह के मामले में पिछले माह इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कहा था ह्यदुष्कर्म के झूठे मुकदमों की प्रवृत्ति इतनी तेजी से बढ़ रही है कि वास्तविक मामले अपवाद जैसे लगने लगे हैं। कोर्ट ने यह भी कहा कि समय आ गया है कि अदालतें ऐसे मामलों में जमानत याचिकाओं की सुनवाई करते समय बहुत सतर्क रहें। कानून पुरुष के खिलाफ बहुत पक्षपाती है। **- रवि, रांची**

# सहजानंद संघ ने अनाथ बच्चों के साथ मनाया आजादी का जश्न

## प्रेरणा



15 अगस्त 2023, दिन मंगलवार, स्वामी सहजानंद सरस्वती सेवा संघ के सदस्यों के लिए दोहरी खुशी का दिन रहा।। अध्यक्ष महासचिव एवं संयोजक समेत पूरे संगठन ने भारत देश की 77वीं स्वतंत्रता दिवस के साथ-साथ अपने संगठन की पहली वर्षगांठ को भी बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया।।

कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 10:00 बजे संगठन के अध्यक्ष श्री मनोज कुमार ने संगठन के कार्यालय पर झंडोत्तोलन कर किया।। उनके अलावा संगठन के कई गणमान्य व्यक्तियों ने भी देश एवं संगठन के प्रति अपने कर्मठता दिखाते हुए अपने वक्तव्य दिए। तत्पश्चात पूरे संगठन ने संगठन कार्यालय में ही स्वरुचि भोज का आनंद लिया। फिर अपने संगठन के मूल उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु तुपुदाना स्थित आशा फाउंडेशन में अनाथ बच्चों के बीच पहुंचे। वहां भरपूर मात्रा में कच्चे अनाज एवं मिठाइयों का वितरण किया गया। इसके साथ-साथ विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन करते हुए अनाथ बच्चों के साथ दो घंटे का समय बिताया। बच्चों ने भी अपनी प्रतिभा से सभी का मन मोह लिया। इन बच्चों की सेवा ही आजादी का असल कार्यक्रम है क्योंकि समाज के सबसे ज्यादा कठिनाई और सहानुभूति की आवश्यकता इन बच्चों को है। बच्चों को बहुत प्रसन्नता हुई कि समाज को उनकी परवाह है। संस्थान बीच-बीच में ऐसे कार्यक्रम लेकर इन बच्चों के विकास और इनके मनोबल को बढ़ाने का काम करता रहता है।

पूरे कार्यक्रम में अध्यक्ष मनोज कुमार, महासचिव विकास चौधरी, कोषाध्यक्ष मनीष पांडे समेत संगठन के सैंकड़ो सदस्यों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में शामिल बच्चों की प्रसन्नता देखकर यह प्रतीत हो रहा था कि वे इस प्रकार के कार्यक्रम का उदेश्य पूरा हुआ। समाज में इन बच्चों की देखभाल की जिम्मेदारी सिर्फ किसी संस्था की न होकर पूरे समाज की है।

**संस्थापक**
**स्व. डॉ अभय कुमार सिंह**

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
**मुद्रक, प्रकाशक**
**मंजू सिंह**

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**संपादक**
**अविनाश ठाकुर***
**फोन : 95708-48433**
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### पेड़ पर फांसी लगाकर की आत्महत्या

**डुमरी।** डुमरी थाना क्षेत्र के एकंबा सुंदरिया टोली निवासी सुरेश टोप्पो का 17 वर्षीय पुत्र अनिश टोप्पो ने घर के ही बगल में महुआ का पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। जानकारी देते हुए परिजनों ने बताया कि 15 अगस्त के दिन डुमरी प्रखंड परिसर खेल मैदान में कार्यक्रम देखने गया हुआ था और वो रात्रि घर वापस आया। नशा का सेवन के कारण परिजनों द्वारा कुछ कहा गया था। रात को खाना खाने के बाद सभी परिवार सो गए वहीं रात्रि में अनीश टोप्पो ने घर से कुछ दूरी पर महुआ का पेड़ पर फांसी लगा लिया। बुधवार सुबह लोगों द्वारा देखा गया कि महुआ के पेड़ पर अनिष टोप्पो का शव लटका हुआ है। जिसकी सूचना डुमरी थाना को दी गई। डुमरी पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को उतारा गया और पंचनामा तैयार करते हुए पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेज दिया।

### डुमरी पुलिस ने तस्करी को ले जाये जा रहे 6 गोवंशीय पशु को किया जब्त

**डुमरी।** डुमरी पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर तस्करी के लिए ले जा रहे छः पशुओं के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार किया। इस संबंध में थानेदार रवि कुमार ने बताया कि कड़रवानी डुमरी मुख्य मार्ग से पशु तस्करों द्वारा 6 गोवंशीय पशु को निर्दयता पूर्वक मरते पीटते हांकते हुए ले जस रहे थे। सूचना का सत्यापन एवम आवश्यक करवाई करने के लिए संध्या गश्ती में रहे सअनि संजय सिंह को थाना सशस्त्र बल के साथ सूचना स्थल भेजा गया। जहां से मोटर साइकिल से रेकी कर रहे पशु तस्कर मो बदरुद्दीन खां (52) ग्राम बेलटोली और गौवंशीय पशु को निर्दयता पूर्वक हाकते रहे दानियल उरांव (40), ग्राम चिरैया दोनों को गिरफ्तार कर थाना लाया गया। साथ ही रेकी कर रहे मोटर साइकिल टीवीएस नंबर (सीजी 30बी– 7591) एवम 6 गौ वंशीय पशु को जब्त किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में गुमला जेल भेज दिया गया। छापामारी दल में पुलिस सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### 21 पीस साल बोटा के साथ तेंदार जंगल से दो लकड़ी तस्कर गिरफ्तार

**गुमला।** वन विभाग गुमला की टीम को गुप्त सूचना मिली की गुमला जिला के घाघरा थाना अंतर्गत तेंदार जंगल में अवैध रूप से लकड़ी की तस्करी की जा रही है। इस सूचना पर डीएफओ गुमला अहमद बेलाल अनवर के निर्देश पर प्रभारी वनपाल रामशेखर सिंह के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम तत्काल तेंदार जंगल पहुंची। मौके पर दो लोगों को लकड़ी का बोटा काटते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया। जिन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त में पुसो थाना क्षेत्र के लोयंजारा गांव निवासी शकीम अंसारी का पुत्र तौफीकअंसारी और पुसो निवासी रेयासत अंसारी का पुत्र इसराफिल अंसारी शामिल है। वहीं पुलिस ने मौके से 21 पीस साल लकड़ी का बोटा, पेड़ काटने वाली 2 कटर मशीन बरामद किया। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि मुख्य तस्कर सहित दो लोग फरार हो गए है। दोनों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है। टीम में वन रक्षी रॉबिन लकड़ा, सनील राम, पीटर वाड़ा, विजेंद्र उरांव सहित आदर पुलिस विकेट के जवान शामिल थे।

### विद्युत तार की चपेट में आने से ट्रक के ऊपर से गिरा मजदूर

**गुमला।** ट्रक पर चढ़कर फलाई एक्स ईंट बनाने के लिए मोरम उतार रहे मजदूर गुमला थाना क्षेत्र के खोरा भकुवाटोली निवासी मुनेश्वर उरांव विद्युत तार की चपेट में आकर जख्मी हो गया। जिसे इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार गुमला हवाई अड्डा के पास ट्रक पर चढ़कर मुनेश्वर मोरम उतार रहा था। इसी दौरान उपर से गुजरे विद्युत तार से उसका सर सट गया। जिसे उसे जोरदार करंट लगा और वह ट्रक के उपर से नीचे गिर गया। जिसे उसके सर पर गंभीर चोट भी लगी।

### सीसीएल में कई अफसरों का तबादला

**रांची।** सीसीएल प्रबंधन ने कई अफसरों का ट्रांसफर कर दिया है। इसका आदेश मुख्यालय स्थित अधिकारी स्थापना शाखा ने जारी कर दिया है। अफसरों को नई जगह पर योगदान देने का निर्देश दिया गया है।

**कौन कहां गया :** एमएम संवर्ग के चीफ मैनेजर जोएश नायक एनके एरिया में स्टाफ ऑफिसर (एमएम) थे उनके पास रजहरा एरिया का भी अतिरिक्त प्रभार था उनका तबादला रांची स्थित गांधीनगर अस्पताल में उसी पद पर कर दिया गया है। कंपनी मुख्यालय में एमए डिपार्टमेंट (पर्चेज) में रहे मैनेजर प्रिय रंजन सिंह को एनके एरिया का स्टाफ ऑफिसर (एमएम) बनाया गया है। उन्हें रजहरा एरिया का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है. एमटी सिविल शुभम सिंह की पोस्टिंग सीआरएस, बरकाकाना में की गई है। उत्खनन संवर्ग के चीफ मैनेजर उमेश कुमार पासवान ढोरी एरिया में पीई (एक्स), एसडीओसीएम थे. उन्हें ढोरी एरिया में एसओ (एक्स) बनाया गया है। उत्खनन संवर्ग के चीफ मैनेजर एके दास ढोरी एरिया में पीई (एक्स), एएडीओसीएम थे. उन्हें ढोरी एरिया का पीई (एक्स), एसडीओसीएम बनाया गया है।

### जेल अदालत में दो मामलों का किया गया निष्पादन, दो बंदी रिहा

गुमला। जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला के द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर मंडल कारा गुमला में जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जेल अदालत में 2 मामले का निष्पादन किया गया। जिसमें 2 बंदी स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष पर रिहा किये गये। इस मौके पर मुख्य अतिथि एडीजे वन श्री डी सी अवस्थी बंदियों के बीच जागरूकता फैलाते हुए स्वतंत्रता का महत्व पर प्रकाश डाले। बंदियों को उनके अधिकार के संबंध में बताया गया तथा डायन बिसाही जैसे अंधविश्वास कुप्रथा को समाप्त करने के लिए लोगों को जागरूक किया गया।

---

## डीजीपी ने मुख्यालय में झंडारोहण किया, कहा
# हमें अपने बलिदान पर हमेशा गर्व रहेगा

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर झारखंड पुलिस मुख्यालय में डीजीपी अजय कुमार सिंह ने झंडोत्तोलन किया। अजय कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कनीय पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। साथ ही कहा कि झारखंड पुलिस को हमेशा अपने बलिदान पर गर्व रहेगा। उन्होंने कहा कि झारखंड पुलिस ने जनता को समाज में सम्मान के साथ जीने की परिस्थितियां पैदा करने और राज्य को विकास की ओर अग्रसर करने के लिये अनुकूल वातावरण बनाने में अपना पूर्ण सहयोग दिया है। नक्सलियों, अपराधियों और असामाजिक तत्व समय-समय पर राज्य का माहौल और परिवेश को बिगाड़ कर अशांति फैलाने का प्रयास करते हैं। लेकिन नक्सलियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाकर उन्हें दुबकने को मजबूर किया। साथ ही अपराधियों एवं असामाजिक तत्वों पर नकेल कसने में कामयाबी पायी। डीजीपी ने कहा कि राज्य में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए सदैव कृत-संकल्पित रहना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है।

**संगठित आपराधिक गिरोह के खिलाफ एटीएस लगातार कर रही है कार्रवाई :** डीजीपी ने अपने संबोधन में कहा कि संगठित अपराध राज्य में एक नई चुनौती बनकर सामने आया है। झारखंड पुलिस की सभी इकाई कंधे से कंधा मिलाकर उनका डटकर मुकाबला कर रही है। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मियों के सहयोग से कई दुर्दांत अपराधकर्मियों को गिरफ्तार कर उनके गिरोहों पर भी कारगर कार्रवाई की जा रही है। झारखंड एटीएस ने अगस्त 2022 से 26 जुलाई 2023 तक राज्य में सक्रिय विभिन्न संगठित आपराधिक गिरोहों और उनके सदस्यों के खिलाफ विशेष छापामारी अभियान चलाया। इस दौरान उस गिरोहों के गैंगस्टर एवं अन्य सदस्यों की भी गिरफ्तारी हुई।

**नक्सल गतिविधियों को नियंत्रित करना अहम लक्ष्य :** अजय कुमार सिंह ने कहा कि राज्य में नक्सल गतिविधियों को नियंत्रित करना हमारा अहम लक्ष्य है। झारखंड पुलिस अपने पुष्ट सूचना तंत्र की मदद से इनके खिलाफ अभियान चला रही है। इस अभियान के दौरान कई नक्सलियों को गिरफ्तार भी किया गया। वहीं सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में कई नक्सली ढेर भी हुए। झारखंड पुलिस के सफल प्रयास से कई उग्रवादियों ने आत्मसमर्पण भी किया। आज हम कह सकते हैं कि राज्य में नक्सल प्रभावित क्षेत्र अब नगण्य हो चुके हैं।

**अबतक कुल 267 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण :** डीजीपी ने कहा कि आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति के तहत अबतक कुल 267 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। वहीं नक्सली अभियान के क्रम में इस वर्ष 236 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है। जिनमें सैक सदस्य 1, रिजनल कमिटी सदस्य 1, जोनल कमांडर 4, सबजोनल कमांडर 5 और एरिया कमांडर स्तर के 6 हार्डकोर नक्सली शामिल हैं। पुलिस ने इन नक्सलियों के पास से 20 पुलिस हथियार, 10 रेगुलर हथियार, 75 देसी हथियार, 9162 कारतूस, 92 आईईडी और 8.42 लाख लेवी की राशि बरामद की है। इस वर्ष जून माह तक पुलिस के साथ हुए 16 मुठभेड़ में विभिन्न नक्सली संगठन के 9 नक्सली मारे गये।

**साइबर मॉनिटरिंग सेल का किया गया गठन :** डीजीपी ने बताया कि साइबर मॉनिटरिंग सेल का भी गठन किया गया है। साइबर क्राइम से संबंधित शिकायत दर्ज करने के लिए डेडीकेटेड टोल फ्री नंबर 1930 को अधिकृत किया गया है। जिस पर अब तक कुल 10802 शिकायत दर्ज किये गये हैं। साइबर क्राइम ने 4.13 करोड रुपये ब्लॉक कर उन रुपयों को पीड़ित को लौटाने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है।

वर्ष 2022 से जून 2023 तक राज्य भर में कुल 1423 कांड दर्ज किये गये। साथ ही 780 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। साइबर अपराधियों के पास से 1469 मोबाइल, 2226 सिम, 576 एटीएम, 91 पासबुक, 53 चेक बुक, 27 लैपटॉप, 78 बाइक, 9 कार, 12 स्वाइप मशीन और 5 राउटर बरामद किये गये. नेशनल साइबर क्राइम पोटर्ल के माध्यम से कुल 5139 नंबरों को ब्लॉक कराया गया।

---

## पूर्व सीएम रघुवर दास राजेंद्र प्रसाद साहू के परिजन से मिले, दी सांत्वना
# राज्य के लोग असुरक्षित महसूस कर रहे हैं : रघुवर

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** झारखंड राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास बुधवार को बालूमाथ पहुंचे एवं स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद साहू के परिजन से मिलकर सान्त्वना दिया। परिजनों ने रघुवर दास से कहा कि इस हत्या में शामिल साजिश करता, हत्यारा सभी लोगों का उद्वेदन कराया जाए। घटना की जांच सीबीआई या अन्य कोई एजेंसी से की जाये। रघुवर दास ने कहा की राजेंद्र प्रसाद साहू झारखंड राज्य के पॉपुलर भाजपा नेता थे वह लातेहार जिप उपाध्यक्ष रह चुके हैं। इनकी हत्या दुःखद है एवं राज्य के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार उगाही गिरी, अपराधी एवं सिंडिकेट राज्य को चला रही है। प्रत्येक दिन निर्दोष लोगों की हत्या बच्चीयो व महिलाओं के साथ बलात्कार हो रही है इस राज्य में जान की कीमत नहीं है पूरी जनता आक्रोशित है। राज्य की जनता सरकार से पूछना चाहती है कि



परिजनों से मुलाकात करते पूर्व सीएम

जनता की जान की जिम्मेदारी किसकी है। हेमंत सोरेन को अवैध धंधा, पत्थर कोयला एवं सत्ता की चिंता है। ब्लॉक ऑफिस से लेकर सीएम ऑफिस तक कमीशन का खेल चल रहा है। यही कारण है कि बड़े-बड़े आईएस जेल में है। अपने राज्य के व्यापारी, पत्रकार, जज, नौकरी करने वाले एवं अन्य लोग असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजेंद्र प्रसाद साहू की हत्या का निष्पक्ष जांच हो, हत्या किसने की, हत्या की प्लानिंग किसने की, उनको सरंक्षण कौन दिया, पूरी जनता यह जानना चाहती है।

**रघुवर दास ने राजेंद्र प्रसाद साहू के परिजन को हर संभव मदद देने का दिया आश्वासन :** उन्होंने राजेंद्र प्रसाद साहू के परिजन को हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया। इससे पूर्व दर्जनों भाजपा कार्यकताओं ने पूर्व विधायक प्रकाश राम के नेतृत्व में होटल देव इन के पास से अगुवाई करते हुए राजेंद्र प्रसाद साहू के आवास लेकर पहुंचे। इस मौके पर राजेंद्र प्रसाद साहू के पुत्र रोशन कुमार गुप्ता, पत्नी अनीता देवी, पुत्री पूजा कुमारी, मुन्नी कुमारी, राधिका कुमारी, लातेहार विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक प्रकाश राम, सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक किशुन दास, भाजपा जिला अध्यक्ष हरे कृष्ण सिंह, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, ध्रुव कुमार पांडे, रामप्यारे प्रसाद साहू,शैलेश सिंह, कौशल लाल नाथ सहदेव, त्रिवेणी साव, अजय सिंह, हरी साव, रामजी सिंह, रवि राज, प्रेम प्रसाद गुप्ता, लक्ष्मण कुशवाहा, अर्जुन कुमार साहू, प्रयाग साहू, समेत भारी संख्या में समर्थक मौजूद है।

### अनियंत्रित स्कॉर्पियो की चपेट में आने से दो बच्ची घायल

**भंडरा ।** भंडरा-बेड़ो मुख्य पथ भंडरा थाना क्षेत्र के कोटा गांव के समीप मंगलवार की देर शाम अनियंत्रित स्कोर्पियों ने सड़क किनारे पीएचईडी विभाग से बने ने सोलर जलापूर्ति योजना को क्षतिग्रस्त कर दिया। इससे सोलर जलापूर्ति योजना में पानी भर रही दो किशोरी को भी चोटें आई है। जिसमें घायल किशोरियों को स्थानीय ग्रामीण द्वारा तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा पहुंचाया गया। इधर कोटा में अनियंत्रित स्कोर्पियों वैन द्वारा गांव के सोलर जलापूर्ति योजना को क्षतिग्रस्त करने व घटना में दो किशोरी की घायल होने की सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने सड़क पर उतर आएं। घटना की सूचना मिलते ही भंडरा थाना प्रभारी गौतम कुमार ने कोटा गांव पहुंच ग्रामीणों को समझा बुझाकर मामला शांत कराया। भंडरा थाना प्रभारी गौतम कुमार ने कहा कि अनियंत्रित स्कोर्पियों द्वारा कोटा गांव में सोलर जलापूर्ति को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। इस दौरान पानी भर रही कोटा गांव निवासी मंगू उरांव की पुत्री सुशांति उरांव (12 वर्ष) व बंधनु उरांव की पुत्री मंजुला उरांव (13 वर्ष) घायल हुई है।

### सहायक टाउन प्लानर की नियुक्ति मामले में हाइकोर्ट ने फैसला रखा सुरक्षित

**रांची।** सहायक टाउन प्लानर की नियुक्ति को लेकर एकल पीठ के आदेश के खिलाफ दाखिल अपील पर बुधवार को झारखंड हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। हाई कोर्ट के जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने सभी पक्षों को सुनने के बाद मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया। मामले में अपीलकर्ता की ओर से वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार एवं सिद्धार्थ रंजन ने पैरवी की। वही प्रतिवादी की ओर से अधिवक्ता अनूप कुमार मेहता, सौरव अरुण, अमृतांश वत्स एवं शुभाशीष रसिक सोरेन ने पैरवी की। जबकि जेपीएससी की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरवाल, प्रिंस कुमार ने पैरवी की। गौरतलब हो कि इस संबंध में विवेक हर्षल, स्वप्निल मयूरेश एवं अन्य ने एकल पीठ के आदेश के खिलाफ खंडपीठ में अपील दाखिल की है। याचिका में कहा गया है कि परीक्षा में 22 ऐसे अभ्यर्थी परीक्षा में सफल हुए है, जिनके पास विज्ञापन की अंतिम तिथि तक इंस्टीट्यूट आफ टाउन प्लानर (इंडिया) में पंजीयन का प्रमाण पत्र नहीं है। विज्ञापन में ऐसी कोई शर्त नहीं थी। नियुक्ति प्रक्रिया के बीच में विज्ञापन की शर्तों में बदलाव नहींकिया जा सकता है। ऐसे में इनकी परीक्षा रद किया जाए। गौरतलब हो कि अप्रैल 2020 में जेपीएससी ने पूरे राज्य में सहायक टाउन प्लानर नियुक्ति के लिए विज्ञापन निकाला था। मार्च 2021 को सारी प्रक्रिया पूरी करते हुए जेपीएससी ने परिणाम जारी कर दिया और सफल हुए अभ्यर्थियों की नियुक्ति की अनुशंसा सरकार को भेज दी थी। इस मामले में एकल पीठ ने टाउन प्लानर की नियुक्ति प्रक्रिया को सही मानते हुए प्रार्थी की याचिका को खारिज कर दिया था।

### रिम्स में आज से होगी ऑनलाइन एमबीबीएस की पढ़ाई, मारपीट के बाद बंद थे क्लासेस

**रांची।** रिम्स में एमबीबीएस सत्र 2019-22 की कक्षाएं 17 अगस्त से ऑनलाइन संचालित होंगी। वहीं, हॉस्टल का आवंटन चरणबद्ध तरीके से अगस्त के अंतिम सप्ताह से शुरू किया जायेगा। यह फैसला सोमवार को डीन और स्टूडेंट वेलफेयर कमेटी की बैठक में लिया गया। इस मौके पर डीन डॉ विद्यापति और डॉ शिव प्रिये ने कहा कि कक्षाओं का संचालन नहीं होने से विद्यार्थियों के कोर्स में देरी हो रही है। ऐसे में कक्षाएं शुरू करना आवश्यक हो गया है। बैठक में उपाधीक्षक डॉ शैलेंद्र त्रिपाठी और सभी हॉस्टल के वार्डन शामिल थे।

**20 जुलाई से कक्षाएं थी स्थगित :** मालूम हो कि 18 जुलाई की रात में हॉस्टल में मारपीट होने और निदेशक आवास में उत्पात मचाने पर 20 जुलाई से सत्र 2019-22 की कक्षाएं स्थगित कर दी गयी थीं। वहीं, जांच टीम बनायी गयी थी। टीम ने 2021 बैच के एक विद्यार्थी को एक महीना तक कक्षा से निलंबित कर दिया था। वहीं, तीन छात्राओं के भी कक्षा में शामिल होने पर पाबंदी लगा दी थी। इधर, अन्य विद्यार्थी लगातार कक्षाएं शुरू करने की मांग कर रहे थे।

**क्या है पूरा मामला :** बता दें कि 18 जुलाई की देर रात जूनियर छात्र अपने साथी का बर्थडे मना रहे थे, जिसमें लड़के-लड़कियां दोनों शामिल थे। इसी बीच सीनियर वहां पहुंच गये। किसी पुराने विवाद को लेकर पीजी डॉक्टर और जेडीए के पदाधिकारी जूनियर डॉक्टरों पर हावी हो गये। इसके बाद दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इसी बीच बचाव के लिए जूनियर डॉक्टरों का समूह निदेशक आवास में घुस गया और दरवाजा और खिड़की को पीटने लगा। इस मामले को लेकर कुछ छात्रों ने प्रबंधन से लिखित शिकायत की। बताया है कि 18 जुलाई की रात सीनियरों ने पुराने विवाद को लेकर उन्हें कमरे में बंद पीटा था। उन्हें छुड़ाने की बजाय जेडीए के पदाधिकारी सीनियरों का सपोर्ट कर रहे थे।

### रांची से कामाख्या और भुवनेश्वर जाने वाली ट्रेनें अलग-अलग तारीखों को रहेंगी रद्द

रांची। रांची रेल मंडल से चलने वाली कुछ रेल गाड़ियों का परिचालन आने वाले कुछ समय तक प्रभावित रहेगा। इस संबंध में रेलवे बोर्ड की ओर से सूचना जारी की गयी है जिसमें बताया गया है कि पूर्व रेलवे के रामपुर हाट स्टेशन पर चल रहे विकास कार्यों की वजह से रांची रेल मंडल से परिचालित ट्रेनें रद्द रहेंगी। इसमें ट्रेन संख्या 15662 कामाख्या रांची एक्सप्रेस ट्रेन की यात्रा 22अगस्त और 29 अगस्त को रांची से रद्द रहेगी। ट्रेन संख्या 15661 रांची कामाख्या एक्सप्रेस ट्रेन की यात्रा 23 और 30 अगस्त को रद्द रहेगी। खुर्दा रोड मंडल में चल रहे विकास कार्यों की वजह से रांची रेल मंडल से परिचालित कुछ अन्य ट्रेनों को भी रद्द किया गया है। इसमे ट्रेन संख्या 02832 भुवनेश्वर धनबाद एक्सप्रेस ट्रेन की यात्रा 29 अगस्त तक रद्द रहेगी। ट्रेन संख्या 02831 धनबाद भुवनेश्वर एक्सप्रेस ट्रेन की यात्रा 16 अगस्त से 30 अगस्त तक रद्द रहेगी।

### 3 सितंबर को रिसालदार बाबा दरगाह डोरंडा कमेटी का चुनाव

**रांची।** रिसालदार बाबा दरगाह कमेटी डोरंडा का चुनाव 3 सितंबर (रविवार) 2023 को रिसालदार बाबा मुसाफिर खाना में सुबह 8 बजे से दिन के 3 बजे तक बायलॉज के अनुसार कराया जाएगा। इसकी सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। 16 अगस्त को ही वोटर लिस्ट जारी कर दिया गया। नामंकन पत्र वितरण व दाखिल करने 17 अगस्त को होगा। 18-19 अगस्त को नाम दाखिल किया जाएगा। नमांकन पत्रों की स्क्रूटनी की जांच 20 अगस्त को होगी। नाम वापसी की अंतिम तिथि 21 अगस्त है। चुनाव चिन्ह का आवंटन 22 अगस्त को होगा। इस चुनाव में कुल 138 वोटर होंगे, इसमें रांची से 40 वोटर होंगे। वोटर ही चुनाव लड़ सकता है। एक उम्मीदवार एक ही चुनाव लड़ सकता है। चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार को एक प्रस्तावक बनाना है।

### मलमास खत्म, शुभ सावन शुरू

रांची। अमावस्या के साथ ही, मलमास भी बुधवार को समाप्त हो गया। मलमास समाप्त होते ही ऐसे कार्यों की फिर से शुरूआत हो जाएगी जिस पर पिछले एक माह से रोक लगी थी। आचार्य अजय कुमार मिश्रा ने बताया कि मलमास खत्म होते ही आप शुभ-मांगलिक कार्य फिर से कर पाएंगे । लेकिन इस बात का ध्यान रखें कि अभी चातुर्मास चल रहा है, इसलिए अभी विवाह, मुंडन और गृह प्रवेश जैसे कार्यों पर कुछ दिनों के लिए रोक बनी रहेगी। हिंदू धर्म में अधिक मास को बहुत ही महत्वपूर्ण माना गया है, जोकि भगवान विष्णु की पूजा के लिए समर्पित होता है।

---

## विभाजन की त्रासदी झेलने वालों को हर भारतवासी की तरफ से श्रद्धांजलि : अन्नपूर्णा

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** झुमरीतिलैया के माहुरी धर्मशाला में भाजपा द्वारा विभाजन विभीषिका कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष नितेश चंद्रवंशी एवं संचालन महामंत्री अनूप जोशी ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के संकल्प के अनुरूप देश स्वतंत्रता दिवस के एक दिन पूर्व यानि 14 अगस्त को ह्यविभाजन विभीषिका स्मृति दिवसह्ण के रूप में मना रहा है। देश के 75वें स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले से अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह घोषणा की थी कि अब से हर वर्ष 14 अगस्त को ह्यविभाजन विभीषिका स्मृति दिवसह्ण के रूप में याद किया जाएगा। तब उन्होंने कहा था कि आजादी के 75वें स्वतंत्रता दिवस पर ह्यविभाजन विभीषिका स्मृति दिवसह्ण का तय होना विभाजन की त्रासदी झेलने वाले लोगों को हर भारतवासी की तरफ से आदरपूर्वक श्रद्धांजलि है। उन्होंने हमें याद दिलाया था कि हम हर साल आजादी का जश्न मनाते हैं, लेकिन बंटवारे का दर्द आज भी हिंदुस्तान के सीने को छलनी करता है। यह पिछली शताब्दी की सबसे बड़ी त्रासदी में एक है।

वहीं विधायक डॉ. यादव ने कहा कि देश के बंटवारे के दर्द को कभी भुलाया नहीं जा सकता। नफरत और हिंसा की वजह से हमारे लाखों बहनों और भाइयों को विस्थापित होना पड़ा और अपनी जान तक गंवानी पड़ी। वहीं रमेश सिंह, रामचंद्र सिंह सहित अन्य वक्ताओं ने कहा कि विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस, सामाजिक विभाजन, वैमनस्यता के जहर को दूर करने और एकता, सामाजिक सद्भाव और मानव सशक्तीकरण की भावना को और मजबूत करने की आवश्यकता की याद दिलाएगा।

## अटल बिहारी बाजपेयी की 5वीं पुण्यतिथि मनी

**कोडरमा।** भारतीय जनता पार्टी नगर द्वारा नगर अध्यक्ष कोडरमा नरेंद्र पाल की अध्यक्षता में झारखंड के जनक भारत रत्न, राजनीति के अजातशत्रु, असंख्य भाजपा कार्यकताओं के प्रेरणा स्त्रोत, ओजस्वी वक्ता, कवि, भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष पूर्व प्रधानमंत्री परम श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी की 5वीं पुण्यतिथि झारखंड के पूर्व शिक्षा मंत्री सह विधायक डॉ.नीरा यादव के आवासीय कार्यालय में विधायक की उपस्थिति में कार्यकताओं के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम से हुई, तत्पश्चात बाजपेयी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. नीरा यादव ने कहा कि भाजपा ऐसे नहीं आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन गई है। भारतीय जनता पार्टी में कार्यकताओं को तपना और तपाना पड़ता है। अनेक महापुरुषों के पदचिन्हों को अनुसरण करने के बाद पार्टी का कार्यकर्ता तैयार होते हैं। विधायक ने उनके राजनीतिक सफर पर प्रकाश डालते हुए उनके उपलब्धियों को भी याद कराया। पार्टी के स्थापना के बाद देश में हुए आम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के सिर्फ दो सांसद जीतकर लोकसभा पहुंचे थे, मगर कार्यकताओं की बदौलत आज लोकसभा में हमारे 303 सांसद है। आज जिन महापुरुष का हम सभी कार्यकर्ता पुण्यतिथि मना रहे हैं, उनकी सरकार को वर्ष 1999 में विपक्ष द्वारा एक वोट से गिरा दिया गया था, मगर उन्होंने एक वोट के लिए खरीद फरोख्त नहीं किया। श्रद्धेय बाजपेयी जी के लिए एक वोट का जुगाड़ करना कोई बड़ी बात नहीं थी।

## हमारी आपसी एकता, सौहार्द ही देश की महत्वपूर्ण पूंजी है : बैद्यनाथ राम

खबर मन्त्र संवाददाता



**लातेहार।** स्वतंत्रता दिवस के पावन मौके पर लातेहार स्तिथ विधायक सह पूर्व मंत्री बैद्यनाथ राम के आवासीय परिसर में राष्ट्रीय झंडोतोलन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। विधायक सह पूर्व मंत्री बैद्यनाथ राम राष्ट्रीय झंडोतोलन किये व राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। विधायक श्री राम ने उन सभी वीर सपूतों को नमन करने का दिन हैं जिन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिये अपनी प्राणों को माँ भारती के चरणों में समर्पित कर दिए। उक्त बातें झंडोतोलन करने के पश्चात विधायक सह पूर्व मंत्री बैद्यनाथ राम ने अपने सम्बोधन के दौरान कहीं। वहीं विधायक श्री राम ने आगे कहा कि देश की सांझी विरासत और विभिन्न रुपों में अपनी खुशबु बिखेरती देश की बहुमुखी संस्कृति की शक्ति ही हम सभी को एक सूत्र में बांधे रखने की संजीवनी है। हमारी आपसी एकता, सौहार्द, सद्भावना, सौम्यता ही देश की महत्वपूर्ण पूंजी है, जो हम सभी भारतवासियों के लिए सबसे ज्यादा मूल्यवान है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार, जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष अरुण दुबे, राजद के प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मण यादव,प्रदेश सचिव मोहर सिंह यादव, सुदामा प्रसाद, विशाल कु. भास्कर, अंकित पांडेय, विशाल कुमार, पंकज तिवारी, आफताब आलम, अब्बास अली, रिंकू कच्छप, अजय अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, विवेक गुप्ता, चन्दन कुमार, शशि भूषण तिवारी, मो. रिजवान, टिंकू, नसीम अंसारी, दुर्गा प्रसाद, बीरेंद्र पाठक, कन्हाई पासवान, रविन्द्र प्रजापति, कौशल पाण्डेय, कृष्णा प्रसाद, वारिस अंसारी, राजबल्लम प्रसाद, रंजीत कुमार, दीपक कुमार, विकाश कुमार, मंजर, संजय पासवान मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### पीएलएफआइ का एरिया कमांडर श्रवण दास दस्ते के दो उग्रवादी गिरफ्तार

**खूंटी।** खूंटी की तोरपा थाना पुलिस ने पीएलएफआई के एरिया कमांडर श्रवण दास दस्ते के दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार उग्रवादी में मुरहू थाना क्षेत्र के कोलोम्बदा निवासी धनंजय सिंह ओर कर्रा थाना काटमकुकू निवासी सीताराम दास है। पुलिस ने उग्रवादियों के पास से दो देशी कटटा, 303 नॉट की तीन कारतूस, तीन पीएलएफआई का पर्चा, एक बाइक समेत अन्य समान बरामद किया है। तोरपा एसडीपीओ ने बताया कि सूचना मिली थी कि प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई का एरिया कमांडर श्रवण दास जो पूर्व के कांडों में फरारी हैं, कर्रा थाना के काटमकुकू जंगल क्षेत्र में भ्रमणशील है एवं अपने साथियों के साथ संगठन विस्तार के लिए एकत्रित होकर किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में है। सूचना पर एसपी अमन कुमार के निर्देश पर तोरपा एसडीपीओ के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए काटमकुकू जंगल में छापामारी करते हुए पीएलएफआई के दो उग्रवादी को हथियार, गोली एवं पीएलएफआई पर्चा के साथ गिरफ्तार कर लिया गया।

# खबर मन्त्र परिवार की ओर से स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



प्रखंड वासियों सहित गढ़वा जिले वासियों को 77वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं
डॉ विश्वनाथ पांडेय
चिकित्सक केतार


प्रखंड वासियों सहित गढ़वा जिले वासियों को 77वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं
ब्रह्मदेव प्रसाद
युवा समाजसेवी, मुखिया प्रत्याशी, मकुंदपुर, केतार

77वें स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर चंदवा प्रखंडवासियों को हार्दिक बधाई
आइए हमसब मिलकर चंदवा प्रखंड के विकास में सहभागी बनें



75 आज़ादी का अमृत महोत्सव
जय हिन्द

| | |
|---|---|
| रंजीत उरांव | मुखिया चंदवा पूर्वी सह अध्यक्ष मुखिया संघ चंदवा |
| रंजीता एक्का | मुखिया चकला पंचायत सह सचिव मुखिया संघ चंदवा |
| संगीता लकड़ा | मुखिया चंदवा पूर्वी पंचायत |
| फुलजेन्सिया टोप्पो | मुखिया अलौदिया पंचायत |
| दुर्गावती देवी | मुखिया जमीरा पंचायत |
| जतरू मुंडा | मुखिया माल्हन पंचायत |
| मालो देवी | मुखिया चेटर पंचायत |
| अनिता भगत | मुखिया सेरक पंचायत |
| ललिता देवी | मुखिया बोदा पंचायत |
| सुष्मिता कुमारी | मुखिया बारी पंचायत |
| रामेश्वर उरांव | मुखिया बनहरदी पंचायत |
| विफई मुंडा | मुखिया लाधुप पंचायत |
| शकुंतला देवी | मुखिया बरवाटोली पंचायत |
| नरेश भगत | मुखिया कामता पंचायत |
| पुष्पा देवी | मुखिया सासंग पंचायत |
| सुखनारायण सिंह | मुखिया हुटाप पंचायत |
| सुनिता खलखो | मुखिया डुमारो पंचायत |

प्रखंड वासियों सहित गढ़वा जिले वासियों को 77वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं


भानु प्रताप शाही
विधायक, भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र


शारदा महेश प्रताप देव
सचिव, टीडीएम इंटर कॉलेज, अधौरा, नगर उंटारी


राज राजेन्द्र प्रताप देव
सचिव, शंकर प्रताप डिग्री कॉलेज, नगर उंटारी


श्रवण राम
बीडीओ, नगर उंटारी


सोनू सिंह
प्रोपराईटर, जीवन धारा हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर, नगर उंटारी


नीतीश कुमार सिंह
थाना प्रभारी, नगर उंटारी

विनोद कुमार सिंह
प्रोपराईटर, हरिओम इंडेन गैस एजेंसी, नगर उंटारी

अशोक जायसवाल
गणपति सेल्स, नगर उंटारी


डॉ संतोष कुमार
प्रोपराईटर, गुबाल हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर, नगर उंटारी


विक्रांत सिंह उर्फ सोनू सिंह
समाजसेवी सह प्रोपराईटर 555 ब्रिक्स, नगर उंटारी



भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद पीएम नरेंद्र मोदी जिंदाबाद
राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जिंदाबाद प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी जिंदाबाद



लोकसभा क्षेत्र समेत तमाम देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं।

विद्युतवरण महतो
सांसद, जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र
झारखंड।

## देश को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने पर लालकिले की प्राचीर से बोले पीएम मोदी

# भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टीकरण को मिटाना होगा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को 77वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में देश के बढ़ते कद और अपनी सरकार की उपलब्धियां का जिक्र करते हुए 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को दोहराया। उन्होंने कहा कि इस संकल्प को पूरा करने के लिए देश को भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टीकरण की तीन बुराइयों को छोड़ना होगा।



नयी दिल्ली के लालकिला में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह को संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

लालकिले की प्राचीर से देश के नाम अपने 10वें संबोधन में प्रधानमंत्री ने रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म की बात करते हुए देशवासियों से विकसित राष्ट्र बनाने के लिए और अधिक परिश्रम करने का आह्वान किया। उन्होंने इसके लिए भारत की एकता को मजबूत करने, श्रेष्ठ भारत की कल्पना को साकार करने, महिला नेतृत्व में विकास को आगे बढ़ाने और क्षेत्रीय आकांक्षाओं को पूरा करने की बात कही। उन्होंने कहा कि इन चार के अलावा पांचवीं महत्व की बात है कि हमारा राष्ट्रीय चरित्र, विश्व मंगल के लिए सोचने वाला होना चाहिए।

प्रधानमंत्री ने कहा कि 2047 तक देश का तिरंगा विकसित भारत का प्रतिनिधित्व करेगा। इसके लिए शुचिता, पारदर्शिता और निष्पक्षता की जरूरत है। हमें उन बुराइयों से आंख मिचौली बंद करना होगा, जिनसे देश सालों से जूझता आ रहा है। यह बुराइयां हैं- भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टीकरण। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ मुहिम में 10 करोड़ लोगों पर कार्रवाई की गयी है। यह 10 करोड़ लोग कभी जन्मे ही नहीं। उन्होंने विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाया। पिछले सालों में इस कार्रवाई के तहत 20 गुना ज्यादा जब्ती की गयी है। परिवारवाद के तहत राजनीतिक दलों में विकृतियां आयी हैं। परिवारवादी पार्टियां केवल अपने लिए काम कर रही हैं। यह परिवारवाद प्रतिभा का दुश्मन है और योग्यता को नकारता है। वहीं, तुष्टीकरण से सामाजिक न्याय सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है। इससे देश का राष्ट्रीय चरित्र प्रभावित हुआ है। प्रधानमंत्री ने ध्वजारोहण कर स्वतंत्रता दिवस समारोह की शुरुआत की। इससे पहले उन्होंने राजघाट जाकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

### चलाता कालचक्र, अमृतकाल का भालचक्र ...

*चलता चलाता कालचक्र, अमृतकाल का भालचक्र,*
*सबके सपने, अपने सपने, पनपे सपने सारे,*
*धीर चले, वीर चले, चले युवा हमारे,*
*नीति सही रीती नयी, गति सही राह नयी,*
*चुनो चुनौती सीना तान, जग में बढ़ाओ देश का नाम।*

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कविता की इन पंक्तियों के साथ भाषण का समापन किया।

### प्रधानमंत्री के संबोधन की खास बातें

- प्रधानमंत्री ने नारी शक्ति का उल्लेख करते हुए आने वाले समय में गावों में दो करोड़ लखपति दीदी के संकल्प को दोहराया। इस क्रम में उन्होंने घोषणा की कि कृषि क्षेत्र में ड्रोन के उपयोग को बढ़ावा दिया जायेगा। इसके लिए महिला स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को ड्रोन चलाने और उसे रिपेयर करने की ट्रेनिंग दी जायेगी।
- प्रधानमंत्री मोदी ने विश्वकर्मा योजना की घोषणा की। उन्होंने बताया कि विश्वकर्मा दिवस पर देश के कामगारों के लिए सरकार योजना लाने जा रही है। उन्होंने बताया कि परंपरागत कलाओं के लिए अगले महीनों में 13 से 15 हजार करोड़ रुपये इस योजना के लिए खर्च किये जायेंगे।
- प्रधानमंत्री ने कहा कि देशवासियों ने देश में एक स्थिर सरकार चुनी है। देशवासियों की ओर से चुनी गयी स्थिर सरकार के कारण ही वे रिफॉर्म (बदलाव) की ताकत विकसित कर पाये। इसी के चलते नौकरशाही ने ट्रांसफॉर्म के लिए परफॉर्म किया।
- प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में मणिपुर के दर्द को आगे रखते हुए कहा कि देश उनके साथ खड़ा है। उन्होंने शांति की अपील करते हुए कहा कि केंद्र और राज्य सरकार मिलकर हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। साथ ही, प्रधानमंत्री ने प्राकृतिक आपदाओं के कारण अपने जनों को खोने वाले लोगों के साथ संवेदना व्यक्त की।
- वैश्विक परिदृश्य पर प्रधानमंत्री ने विशेष ध्यान दिलाते हुए कहा कि नयी व्यवस्था को भारत के 140 करोड़ लोगों में आकार देने की क्षमता है। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी और युद्ध के चलते दुनियाभर में महंगाई बढ़ रही है। ऐसे में देश ने महंगाई को नियंत्रण में रखा है। सरकार इसे कम करने की दिशा में हर प्रयास कर रही है।
- शहरी क्षेत्र में किराये पर रहने वाले लोगों को सरकार घर खरीदने के लिए दिए जाने वाले ऋण में सहयोग करेगी।
- प्रधानमंत्री ने कहा कि 2014 में जगह देश की सत्ता में आये थे। उस समय देश वैश्विक अर्थव्यवस्था में 10वें स्थान पर था। अब यह देश के 140 करोड़ लोगों के प्रयास से पांचवें स्थान पर पहुंच गया है और आने वाले समय में 5 सालों में यह तीसरे स्थान पर पहुंच जायेगा।
- प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में देशवासियों को परिवारजन कहकर संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और अब यह जनसंख्या के मामले में भी दुनिया का नेतृत्व कर रहा है। उन्होंने कहा कि देश में अवसरों और संभावनाओं की कोई कमी नहीं है।

## चीन सीमा पर बीआरओ ने शुरू किया दुनिया की सबसे ऊंची सड़क का निर्माण

नयी दिल्ली (हि.स.)। चीन के साथ बातचीत की मेज पर लटके लद्दाख के डेमचोक सेक्टर में बॉर्डर रोड ऑर्गेनाइजेशन (बीआरओ) ने रणनीतिक 'लिकरू-मिग ला-फुकचे' सड़क पर निर्माण शुरू कर दिया है। यह सड़क 19,400 फीट ऊंचाई से होकर गुजरेगी और उमलिंग ला दर्रा को पार करते हुए दुनिया की सबसे ऊंची मोटर योग्य सड़क बन जायेगी।

## पेज एक का शेष

### गरीबों को शीघ्र...

उन्होंने कहा कि लाखों देशभक्तों की शहादत की बदौलत आजादी मिली है। उन्होंने महात्मा गांधी, सरकार पटेल, जवाहरलाल नेहरू सहित कई नेताओं को याद किया। उन्होंने कई योजनाओं का जिक्र किया और बताया कि राज्य सरकार कैसे सरकारी नौकरी और प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्रों के लिये नये अवसर ला रही है। समय पर रिजल्ट और नौकरी देना राज्य सरकार का लक्ष्य है।

### झारखंड में 201...

क्षमता वृद्धि के परिणामस्वरूप हर साल 20 करोड़ टन अतिरिक्त माल ढुलायी संभव हो सकेगी। इससे पर्यावरण अनुकूल और ऊर्जा कुशल परिवहन का माध्यम होने के कारण रेलवे, जलवायु लक्ष्यों को प्राप्त करने और देश की लॉजिस्टिक लागत को कम करने में मददगार साबित होगी।
**ई-बस सेवा पर 57 हजार करोड़ का खर्च :** कैबिनेट ने नगरीय बस परिवहन सेवा का विस्तार करने, उसे सुविधाजनक बनाने तथा हरित आवाजाही को बढ़ाने के लिए पीएम-ई बस सेवाको मंजूरी दी जिस पर 10 वर्षो में 57,613 करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे। इस में उन शहरों को प्राथमिकता दी जायेगी जहां व्यवस्थित परिवहन सेवा की कमी है। इसमें 10 हजार इलेक्ट्रिक बसों की सेवायें उपलब्ध करायी जायेंगी। इसके लिए केंद्र सरकार 20 हजार करोड़ रुपये देगी और शेष राशि राज्यों को देनी होगी।
**डिजिटल इंडिया परियोजना :** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 14,903 करोड़ रुपये के व्यय के साथ डिजिटल इंडिया परियोजना के विस्तार को मंजूरी दे दी। केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, मंत्रिमंडल की बैठक में डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के विस्तार को मंजूरी दी गयी। इस पर 14,903 करोड़ रुपये का व्यय होगा। डिजिटल इंडिया विस्तार के तहत इसके अंतर्गत पूर्व में किये गये कार्यों को आगे बढ़ाया जायेगा। विस्तारित डिजिटल इंडिया परियोजना के तहत, राष्ट्रीय सुपरकंप्यूटिंग मिशन (एनसीएम) के तहत नौ और सुपर कंप्यूटर जोड़े जायेंगे।
**विश्वकर्मा योजना :** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने विश्वकर्मा योजना को मंजूरी प्रदान कर दी, जिसके माध्यम से गुरु-शिष्य परंपरा के तहत कौशल कार्यों को बढ़ाने वाले कामगारों का कौशल विकास किया जायेगा। उन्हें ऋृण सुविधा एवं बाजार पहुंच प्रदान करने में मदद की जायेगी। यह योजना 13 हजार करोड़ रुपये की है और इससे 30 लाख पारंपरिक कारीगरों को लाभ होगा। छोटे-छोटे कस्बों में अनेक वर्ग ऐसे हैं जो गुरु-शिष्य परंपरा के तहत कौशल से जुड़े कार्यों में लगे हैं। इनमें लोहार, कुम्हार, राज मिस्त्री, धोबी, फूल का काम करने वाले, मछली का जाल बुनने वाले, ताला-चाबी बनाने वाले, मूर्तिकार आदि शामिल हैं। इससे शिल्पकारों को 1 लाख रुपये तक का लोन 5 प्रतिशत पर दिया जायेगा।

### राजकीय सम्मान के...

शहीद गौतम कुमार के परिजन बिहार के भोजपुर जिला के शाहपुर प्रखंड के रंधाडीह गांव में रहते हैं। वह अविवाहित थे। वह अपने पीछे मां, एक बहन तथा तीन भाई छोड़ गये। दोनों शहीदों के पार्थिव शरीर पहले झारखंड जगुआर के मुख्यालय लाया गया। वहां राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और सीएम हेमंत सोरेन ने श्रद्धांजलि अर्पित की। वहां राज्य के तमाम बड़े पदाधिकारी मौजूद थे। मुख्यमंत्री और राज्यपाल ने शोक संतप्त परिजनों को ढाढ़स बंधाया, कहा -शहीदों के परिजनों /आश्रितों के साथ सरकार सदैव साथ रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहीदों के आश्रितों /परिजनों के साथ सरकार सदैव साथ रहेगी।
छह दिन पहले बेटे का हुआ है जन्म : अमित तिवारी के पिता देवेंद्र तिवारी पेशे से किसान हैं। अमित तिवारी पढ़ने में तेज तर्रार थे और 2012 में झारखंड पुलिस में सब इंस्पेक्टर पद पर भर्ती हुए थे। सब इंस्पेक्टर बनने के बाद अमित तिवारी खूंटी और पाकुड़ के कई थानों में प्रभारी रह चुके हैं। करीब आठ महीने पहले उनकी तैनाती जगुआर में हुई थी। अमित तिवारी की पत्नी ने छह दिन पहले रांची में एक बेटे को जन्म दिया है। अमित तिवारी की दो बहने हैं, दोनों की शादी हो चुकी है। अमित तिवारी के चाचा निरंजन तिवारी चाईबासा में ही इंस्पेक्टर के पद पर तैनात हैं।
**उग्रवादी हताशा में दे रहे अंजाम :** मुख्यमंत्री ने कहा कि दरअसल राज्य में उग्रवादी घटनाएं अब अंतिम सांसें गिन रही है। ऐसे में हताशा में उग्रवादियों द्वारा पुलिस को निशाना बनाने की कोशिश हो रही है। दो वीर जवानों की शहादत कहीं ना कहीं उग्रवादियों के हताशा में किये गये हमले का ही परिणाम है। दो जवानों का शहीद होना हमारे लिए बहुत ही दुखद है। उग्रवादियों के खिलाफ पुलिस का अभियान और शक्ति के साथ लगातार जारी रहेगा।

### आरयू के छात्रों...

विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकों और अधिकारियों को इसके लिए प्रयास करना है। शिक्षकों की कमी दूर करने का काम किया जा रहा है। आरयू ने सबसे पहले स्टूडेंट्स रिसोर्स सेंटर को डेवलप किया है। अब सब कुछ ऑनलाइन संभव हुआ है और कई कोर्सेज भी इस माध्यम से चलाये जा रहे हैं। जापानी भाषा, एग्जीक्यूटिव एमबीए जैसे कोर्स प्रारंभ हुए हैं। सीयूइटी की परीक्षा हमने रांची में आयोजित करायी। इससे हमारे छात्रों को बाहर नहीं जाना पड़ा। टेबुलेशन का कार्य तेजी से चल रहा है।
**रिसर्च पर 18 को होगा कार्यक्रम :** कुलपति ने कहा कि राजभवन के माध्यम से रिसर्च पर 18 अगस्त को कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसमें अन्य विश्वविद्यालयों के प्राध्यापक और शिक्षाविद भी आ रहे हैं। हमें रिसर्च की संस्कृति डेवलप करनी है। हमारे बच्चे जब तक रिसर्च की ओर अग्रसर नहीं होंगे, तब तक हम लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर पायेंगे।

## स्पीड न्यूज

### राष्ट्रपति आज पश्चिम बंगाल का दौरा करेंगी

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गुरुवार को पश्चिम बंगाल का दौरा करेंगी। राष्ट्रपति भवन से बुधवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि अपने एक दिवसीय कोलकाता प्रवास के दौरान राष्ट्रपति कोलकाता के राजभवन में ब्रह्माकुमारी द्वारा आयोजित 'नशा मुक्त भारत अभियान' के तहत 'मेरा बंगाल, व्यसन मुक्त बंगाल' अभियान का शुभारंभ करेंगी। वह भारतीय नौसेना के प्रोजेक्ट 17ए के छठे जहाज विंध्यगिरि के लांच कार्यक्रम में भी शामिल होंगी।

### पाकिस्तान में कई चर्चों में तोड़फोड़ सामान भी लूटे

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब राज्य में ईशनिंदा के आरोपों में बुधवार को कई गिरजाघरों में तोड़फोड़ की गयी। डॉन डॉट कॉम ने जरानवाला तहसील के पादरी इमरान भट्टी के हवाले से बताया कि फैसलाबाद के जरानवाला जिले के ईसा नगरी इलाके में स्थित साल्वेशन आर्मी चर्च, यूनाइटेड प्रेस्बिटेरियन चर्च, एलाइड फाउंडेशन चर्च और शहरूनवाला चर्च में तोड़फोड़ की गयी।

### सुप्रीम कोर्ट ने हैंडबुक रिलीज की

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने न्यायिक प्रकिया में महिलाओं के लिए इस्तेमाल होने वाले रूढ़िवादी शब्दों का इस्तेमाल रोकने को एक हैंडबुक रिलीज की है। 'कांबैटिंग जेंडर स्टीरियोटाइप' नामक इस हैंडबुक में महिलाओं को लेकर इस्तेमाल होने वाले ऐसे शब्दों और उनकी जगह इस्तेमाल किये जा सकने वाले बेहतर शब्दों की सूची है।

## सुलभ इंटरनेशनल के संस्थापक बिंदेश्वर पाठक पंचतत्व में विलीन

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** सुलभ इंटरनेशनल के संस्थापक डॉ बिंदेश्वर पाठक बुधवार को पंचतत्व में विलीन हो गये। उनका अंतिम संस्कार दिल्ली के लोधी रोड स्थित श्मशान घाट पर किया गया। डॉ पाठक की अंतिम यात्रा में सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए। पद्म भूषण से अलंकृत 80 वर्षीय डॉ पाठक का मंगलवार को दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में निधन हो गया था। सुबह सुलभ इंटरनेशनल के केंद्रीय कार्यालय में ध्वजारोहण के बाद अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें एम्स ले जाया गया, जहां उनका निधन हो गया। वह बिहार के वैशाली जिले के रहने वाले थे। डॉ पाठक सुलभ इंटरनेशनल के संस्थापक के साथ-साथ टॉयलेट मैन के नाम से भी चर्चित थे। उन्हें सिर पर मैला ढोने की कुप्रथा को खत्म करने के लिए भी जाना जाता है। वह विधवा महिलाओं को प्रताड़ित किये जाने के खिलाफ भी आवाज उठाते रहे और उनके हितों की लड़ाई लड़ी।

### गांधी के बाद स्वच्छता को मिशन बनाने वाले दूसरे व्यक्ति थे पाठक : सुशील मोदी

**पटना।** पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं सांसद सुशील कुमार मोदी ने सुलभ इंटरनेशनल के प्रमुख विंदेश्वर पाठक के निधन पर शोक प्रकट करते हुए बुधवार को कहा कि वे महात्मा गांधी के बाद देश के दूसरे और बिहार के पहले व्यक्ति थे, जिन्होंने सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता के काम को मिशन बना दिया। उन्होंने कहा कि देश भर में सुलभ शौचालय की स्थापना कर पाठक जी ने सफाईकर्मियों को रोजगार और सम्मान दिया। बिहार, सुलभ और पाठक पर्यायवाची हो गये थे। उन्हें भारत सरकार ने पद्म-सम्मान प्रदान किया था। उन्होंने कहा कि दो गड्ढे वाले (डबल पिट) शौचालय का विचार पाठकजी ने दिया था, ताकि किसी शौचालय को लंबे समय तक उपयोगी बनाये रखा जा सके।

## दिल्ली में कांग्रेस नेताओं की हुई बैठक झारखंड को लेकर बनी रणनीति

खबर मन्त्र ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** 2024 की लड़ाई मजबूती रूप से लड़ने और सभी 14 सीटों पर कांग्रेस के आला नेताओं की बैठक बुधवार को दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी और केसी वेणुगोपाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में झारखंड कांग्रेस के नेताओं ने भी भाग लिया।



दिल्ली में बैठक करते कांग्रेस पार्टी के नेता।

बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर ठोस रणनीति तैयार की गयी। मीडिया से बात करते हुए झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे ने कहा कि हम लोगों के सामने सबसे बड़ी चुनौती 2024 का लोकसभा चुनाव है। लोकसभा चुनाव में भाजपा को कैसे जीरो पर आउट करना है, इसपर कांग्रेस ने ठोस फैसला लिया है।

उन्होंने कहा कि आज देश में जिस प्रकार से लोकतंत्र को कमजोर किया जा रहा है। लोकतंत्र का मखौल उड़ाया जा रहा है और पूरे देश में अपातकालीन जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है, यह वाकई में चिंता का विषय है। जिस तरह से संविधान का मजाक बनाया जा रहा है, चुनी हुई सरकार को अपदस्त करने की एजेंसियों से कोशिश की जा रही है। आम जनता के अधिकार पर भी प्रश्नचिन्ह लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा झारखंड में संगठन मजबूती के एक एक बूथ को मजबूत किया जायेगा, वहां पर कांग्रेस के वरीय नेता कैंप करेंगे। आने वाले दिनों में राहुल गांधी, सोनिया गांधी और मल्लिका अर्जुन खड़गे सहित कई कांग्रेस नेताओं का झारखंड में दौरा होगा। साथ ही साथ राज्य सरकार की समन्वय समिति की बैठक होगी। इंडिया गठबंधन के माध्यम से प्रदेश में लोकसभा की सभी 14 सीटों को हासिल करने पर रणनीति बनाई जायेगी।

पांडेय ने कहा कि पिछली बार झारखंड के सभी प्रखंडों और जिला मुख्यालय में कांग्रेस जन सुनवाई कैंप लगाएगी, इसमें जनता की समस्याओं का समाधान किया जायेगा। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, मंत्री आलमगीर आलम, बन्ना गुप्ता, बादल पत्रलेख, डॉ अजय कुमार, कालीचरण मुंडा, शहजादा आलम, दीपिका सिंह पांडे सहित कई झारखंड कांग्रेस के नेता और विधायक मौजूद थे।

## विस चुनाव की तैयारियों पर चर्चा के लिए भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति की हुई बैठक

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की बुधवार को दिल्ली बैठक हुई। इस बैठक में मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों और भावी रणनीति पर चर्चा की गयी। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह भी इस बैठक में शामिल हुए। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह तथा अमित शाह सहित सीइसी के अन्य सदस्य मौजूद थे।

मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के नेताओं की ओर से जमीनी रिपोर्ट साझा की गयी। सूत्रों ने कहा कि सीइसी सदस्यों ने चुनावी तैयारियों का जायजा लिया।

सूत्रों ने बताया कि पार्टी उन सीटों पर ध्यान केंद्रित कर रही है, जहां उसे एक मजबूत विपक्ष का सामना करना पड़ रहा है। पर, उसका मानना है कि वह मजबूत उम्मीदवारों के चयन सहित कुशल रणनीति के साथ बाजी अपने पक्ष में बदल सकती है।

## सरकारी अफसरों की पेशी को ले केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट में सौंपा एसओपी ड्रॉफ्ट

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने अदालती कार्यवाही में सरकारी अधिकारियों की पेशी को लेकर सुप्रीम कोर्ट में मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का ड्राफ्ट सौंपा। केंद्र सरकार ने कहा है कि कोर्ट को अधिकारियों को अपवाद स्वरूप ही समन करना चाहिए। केंद्र सरकार ने कहा कि इसका लक्ष्य न्यायपालिका और सरकार के बीच संबंधों में सुधार लाना है। केंद्र सरकार के एसओपी ड्राफ्ट में कहा गया है कि पेशी के लिए उचित वक्त मिले और वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये पेशी हो तो ज्यादा बेहतर है।

## बिहार में लोकसभा चुनाव में सभी सीटें जीतेगा आइएनडीआइए : अखिलेश सिंह

**पटना (हि.स.)।** केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार को 2024 के लोकसभा चुनाव में शिकस्त देने और देश के विपक्षी दलों के नये गठबंधन आइएनडीआइए को युवाओं का पूरा समर्थन दिलवाने के लिए बिहार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह और शकील अहमद ने बुधवार को कांग्रेस कार्यालय से रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस रथ के जरिये कांग्रेस युवाओं से 'वोट फॉर इंडिया' की मांग करेगी। रथ रवाना करने के बाद कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि बिहार में आइएनडीआइए को 2024 के लोकसभा चुनाव में 40 के 40 सीट पर जीत मिलेगी। हम इस अभियान को सफल बनाना चाहते हैं। हमें उम्मीद है कि हम भाजपा को जीरो पर आउट कर देंगे। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में बेरोजगारी बढ़ रही है। भारत में बेरोजगारी दर 7.8 प्रतिशत है, जो पाकिस्तान और बंगलादेश में भी नहीं है। महंगाई के चलते लोगों की थाली से सब्जी गायब है। मोदी राज में सब कुछ गायब हो रहा है। इस अभियान के तहत जनता को इन

## त्यौहारी सीजन में चीनी सामान के बहिष्कार का हुआ आह्वान


**नयी दिल्ली (हि.स.)।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने बुधवार को रक्षाबंधन से शुरू होकर दीपावली तक चलने वाले त्यौहारी सीजन के दौरान चीनी सामान के पूर्ण बहिष्कार का आह्वान किया है। कारोबारी संगठन कैट का अनुमान है कि त्यौहारी सीजन में सामानों के आयात न होने से चीन को लगभग एक लाख करोड़ रुपये के व्यापार का नुकसान होगा। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने जारी बयान में कहा कि इस त्यौहारी सीजन में उपभोक्ताओं के खर्च से अर्थव्यवस्था में लगभग 3 लाख करोड़ रुपये की पूंजी का प्रवाह हो सकता है। पिछले वर्ष चीनी सामानों के बहिष्कार से 75 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था। खंडेलवाल ने बताया कि कैट की रिसर्च शाखा कैट रिसर्च एंड ट्रेड डेवलपमेंट सोसाइटी के 20 शहरों में किये गये सर्वे में यह तथ्य सामने आया है कि इस वर्ष अभी तक भारतीय व्यापारियों और आयातकों ने दिवाली के सामान, पटाखों या अन्य समान वस्तुओं का कोई ऑर्डर चीन को नहीं दिया है।

## वाणिज्य की खबरें

### गिरावट के बाद शेयर बाजार में शानदार रिकवरी

नयी दिल्ली। वैश्विक दबाव के बावजूद घरेलू शेयर बाजार ने बुधवार को बढ़त के साथ कारोबार का अंत किया। आज के कारोबार की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। लेकिन थोड़ी ही देर बाद चौतरफा लिवाली से आज के कारोबार का अंत बढ़त के साथ हुआ। आज दिनभर की खरीद बिक्री के बाद सेंसेक्स 137.50 अंक की तेजी के साथ 65,539.42 अंक और निफ्टी 30.45 अंक की मजबूती के साथ 19,465 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

### टीवी सीरियल 'श्रीमद रामायण' का प्रोमो जारी





रामानंद सागर का धारावाहिक रामायण 1987 में दर्शकों के सामने आया और इतिहास रच दिया। कोरोना काल में भी इस सीरीज को एक बार फिर प्रसारित किया गया। अब एक बार फिर से टीवी पर रामायण आने वाली है। इस सीरियल का नाम श्रीमद रामायण होगा। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन ने रामायण को एक बार फिर दर्शकों के सामने लाने के लिए कमर कस ली है। श्रीमद रामायण सीरीज की घोषणा हाल ही में की गयी थी। इस सीरीज का पहला प्रोमो हाल ही में सामने आया है। इस सीरीज के प्रोमो में अयोध्या नगरी रोशनी से जगमगाती नजर आ रही है।

## लियोनेल मेसी का शानदार प्रदर्शन जारी इंटर मियामी लीग्स कप के फाइनल में

### खेल जगत

**पेंसिल्वेनिया (हि.स.)।** अर्जेंटीना के फीफा विश्व कप विजेता स्ट्राइकर लियोनेल मेसी के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत उनकी टीम इंटर मियामी ने फि लाडेलफि या यूनियन को 4-1 से हराकर लीग्स कप के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। मंगलवार को इस जीत के साथ मेसी ने इंटर मियामी के लिए छह मैचों में नौ गोल कर लिये हैं। उन्होंने क्लब के लिए खेले गये हर मैच में स्कोर किया है और अभी तक अपनी टीम के साथ एक भी मैच नहीं हारा है।मैच के 20वें मिनट में, मेसी ने 30 गज की दूरी से एक शानदार गोल किया। मेसी के अलावा, जोसेफ मार्टिनेज ने तीसरे मिनट में और जोर्डी अल्बा ने हाफ टाइम की सीटी बजने से पहले एक गोल किया। मध्यांतर तक मेसी की टीम इंटर मियामी 3-0 से आगे रही। हालांकि, मैच के 73वें मिनट में एलेजांद्रो बेदोया के गोल की बदौलत फि लाडेलफि या ने अपना खाता खोला और स्कोर 3-1 हो गया। डेविड रुइज ने 84वें मिनट में गोल कर इंटर मियामी को 4-1 से जीत दिला दी। इस जीत के साथ मेसी की टीम 19 अगस्त को नैशविले एससी के खिलाफ फाइनल मुकाबला खेलेगी।

### भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान और दिग्गज फुटबॉलर मोहम्मद हबीब का 74 वर्ष की आयु में निधन



**नयी दिल्ली।** भारत के पूर्व कप्तान और महान फुटबॉलर मोहम्मद हबीब, जिनकी कभी ब्राजील के दिग्गज पेले ने भी प्रशंसा की थी, का लंबी बीमारी के बाद मंगलवार को हैदराबाद में निधन हो गया। वह 74 वर्ष के थे और उनके परिवार में पत्नी, चार बेटियां और एक बेटा है। कोलकाता में अपना नाम कमाने और दशकों तक वहां रहने के बाद, हबीब कुछ साल पहले हैदराबाद चले गये थे। वे बीमारी से जूझ रहे थे। उन्होंने मंगलवार शाम करीब चार बजे हैदराबाद में अपने आवास पर अंतिम सांस ली।

### वहाब रियाज ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

**नयी दिल्ली।** पाकिस्तानी तेज गेंदबाज वहाब रियाज ने बुधवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया। उन्होंने 154 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 237 विकेट लिये, जिसमें तीन बार पांच विकेट लेने का कारनामा भी शामिल है। हालांकि, वह फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेलना जारी रखेंगे।


VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| **English Medium** | | **English Medium** | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!

# धूमधाम से मना जश्न-ए-आजादी

## सरकारी-गैर सरकारी संस्थाओं में आन-बान एवं शान से लहराया तिरंगा

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर, बासल, सयाल-उरीमारी सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में मंगलवार को जश्न-ए-आजादी का 77वां स्वतंत्रता दिवस पूरे धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान क्षेत्र के तमाम सरमारी-गैर सरकारी संस्थाओं में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा झंडा फहराया गया। साथ ही झंडे को सलामी दी गई। भुरकुंडा ओपी में ओपी प्रभारी अमित कुमार, भदानीनगर में ओपी प्रभारी राजदीप कुमार, बासल थाना में थाना प्रभारी अमर शुक्ला, भुरकुंडा परियोजना में पीओ मनोज पाठक, जुबिली कॉलेज में प्राचार्य प्रो.एनके तिवारी, जेएम कॉलेज में बड़कागांव विधायक अम्बा प्रसाद व प्राचार्य डॉ. विद्यानंद तिवारी श्री अग्रसेन स्कूल में निदेशक प्रवीण राजगढ़िया, महात्मा गांधी उच्च विद्यालय में विधायक अम्बा प्रसाद, ए ला एंग्लाइज स्कूल में सचिव डॉ.



गजाधर महतो प्रभाकर व प्राचार्य विजयंत कुमार, सौंदा पब्लिक स्कूल में सचिव अमित कुमार साहु, ज्ञान ज्योति स्कूल चिकोर में प्रधानाध्यापक धनुक धारी महतो, अनमोल बचपन प्ले स्कूल में निदेशक अवधेश सिंह, न्यू डॉन बॉस्को एकाडमी जवाहर नगर में सचिव लखेंद्र राय व निदेशक अंगद राय, जेएसपीएल कैंपस स्थित ओपी जिंदल स्कूल व जिंदल हाउस में प्लांट प्रमुख आरके अजमेरिया, कांग्रेस कार्यालय सौंदा डी में समाजसेवी अनिल सिंह, ग्रामीण बेरोजगार समिति कार्यालय मतकमा में पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम, सेंट्रल स्थित यूनियन कार्यालय में राप्रवयू के केंद्रीय सचिव मनोज गुप्ता, लपंगा पंचायत के 80 यूनिट के चबूतरा में भाजपा भदानीनगर मंडल उपाध्यक्ष अनूप ठाकुर, बुधबाजार दोतल्ला पंचायत में मुखिया सत्यवंती देवी व मुखिया प्रतिनिधि लव कुमार महतो, सयाल उतरी पंचायत में मुखिया आशा देवी व प्रतिनिधि सत्येंद्र यादव, जवाहरनगर पंचायत में मुखिया फलवमी देवी व प्रदीप मांझी, भुरकुंडा पंचायत में मुखिया अजय पासवान, सौंदा डी पंचायत में मुखिया उपेंद्र शर्मा व पंसस कुमकुम देवी, सीसीएल सौंदा पंचायत में मुखिया अभय कुमार, रिभर साईड चीफ हाउस पंचायत में मुखिया विकास पांडेय, कुरसे पंचायत में मुखिया संदीप उरांव, बलकुदरा पंचायत मुखिया विजय मुंडा, लपंगा पंचायत में मुखिया आनंद दुबे सहित विभिन्न पंचायतो मुखियाओं ने झंडोतोलन कर झंडे को सलामी दी। विभिन्न स्कूलों में स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बच्चों द्वारा प्रस्तुत किया गया सांस्कृतिक कार्यक्रम लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा।







## आउटसोर्सिंग हादसा: मृतक के परिजन को मिला 15 लाख मुआवजा



खबर मन्त्र संवाददाता

**झरिया।** देर रात्रि में सभी यूनियन के उपस्थित में आउट सोर्सिंग प्रबंधक कुंभनाथ सिंह ने जनता मजदूर संघ बच्चा गुट कांग्रेस अध्यक्ष रत्नेश यादव एवं क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक ने मृतक के पिता को चेक के माध्यम से मुआवजा राशि प्रदान किया। बताते है कि बीसीसीएल लोदना क्षेत्र के कुजामा में चल रहे एटी देव प्रभा आउटसोर्सिंग में एक बड़ा हादसा हुआ। हालपैक की चपेट में आने से कैंपर सवार दो लोगों की मौत हो गई है। घटना से गुस्साए लोगों ने पत्थरबाजी की। उग्र भीड ने पोकलेन मशीन में लगाई आग। परियोजना में मची अफरा तफरी। पुलिस ने हवा में चलाई गोली। पुरा परियोजना पुलिस छावनी में तबदिल। स्थानीय लोगों ने आउटसोर्सिंग प्रबंधन पर आरोप लगाया कि नियम कानून को ताक पर रखकर कंपनी लाठी का भय दिखाकर कर्मियों से काम करा रही है। यदि प्रबंधन नियम का पालन करता तो आज मजदूरी कर अपना जीवन यापन करने वाले दो कर्मियों की जान नहीं जाती। बताते है कि परियोजना में ओबी डंप को जा रहे वाहन हालप?क तेज रफ्तार से जा रहा था। इसी दौरान छोटे चार पहिया वाहन पर सवार होकर दो कर्मी आ रहे थे। तभी ओबी लोड हाल पैक के चपेट में आ जाने से दो कर्मियों की मौत घटना स्थल पर ही हो गयी। घटना की खबर जंगल में लगी आग की तरह फ?ल गयी। भारी संख्या में आसपास के महिला पुरुष मौके पर पहुंच कर विरोध जताया। स्थानीय गुस्साये ग्रामीण ने अन्य वाहनों पर पत्थराव करते हुए परियोजना का काम ठप करा दिया। ग्रामीणों का गुस्सा देख कंपनी परियोजना में काम कर रहे कर्मियों में भगदड़ मच गया। सूचना पाकर लोदना ओपी पुलिस व सीआईएसएफ अधिकारी घटना स्थल पहुचे। काफी मश्कत के बाद पुलिस दोनों शव को कब्जा में लेकर आगे की कार्रवाई में जुटी। मृतक के परिजन को मिला 15 लाख मुआवजा: घटना के बाद जमसं कुंती गुट ले ललन पासवान, छोटू सिंह, बच्चा गुट के प्रीतम रवानी, मुखतार खान, रत्नेश यादव सहित अन्य नेताओं ने लोदना जीएम व आउटसोर्सिंग कंपनी के कुंभ नाथ सिंह के बीच वार्ता जारी। वार्ता के दौरान कंपनी द्वारा एक मृतक के परिजन को 15 लाख रुपये मुआवजा व 75 हजार रुपये अंतिम संस्कार के लिए खर्च देने पर सहमति बनी। आंदोलनकारियों के निशाने पर नेता: आंदोलन के दौरान क ई स्थानीय जन प्रतिनिधियों को खरी खोटी सुनाया। अपने को घीरते देख वहां से छुट भैया नेताओं ने चलते बने।













### डीवीसी चंद्रपुरा में धूमधाम से मना स्वतंत्रता दिवस

**बोकारो/चंद्रपुरा।** डीवीसी चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र के फुटबॉल मैदान में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भव्य समारोह का आयोजन किया गया। सीजीएम व परियोजना प्रधान सुनील कुमार पांडेय ने ध्वजारोहण कर तिरंगा ध्वज को सलामी दी और परेड का निरीक्षण किया। मौके पर श्री पांडेय ने कहा कि हमारा देश प्रगति की ओर आगे बढ़ रहा है।

### धनंजय हत्या कांड: आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

**झरिया।** झरिया थाना क्षेत्र के चौथाई कुल्ही निवासी सिंह मेंशन समर्थक धनंजय यादव हत्या कांड में आरोपी रामबाबू धिक्कार सहित अन्य की गिरफ्तारी को लेकर कतरासमोड के समीप ट?र जलाकर महिला पुरुष विरोध जताया। इस दौरान आंदोलनकारियों ने क ई वाहनों में तोड फोड किया। राहगिरों की जमकर पिटाई की। पुलिस वाहन पर किया हमला, तोडफोड। पुलिस ने हवा में चलाई गोली व लाठी चार्ज। बताते है कि गत दिनों धनंजय यादव नामक युवक का घर में घुसकर जघन्य रुप से हत्या की गयी। हत्या के दौरान मृतक की पत्नी व दुध मुही बच्ची सामने थी। जिसके खिलाफ में कतरासमोड गुलगुलिया पट्टी निवासी विरोधी रामबाबू धिक्कार सहित समर्थक के खिलाफ झरिया थाना में मामले दर्ज कराया।

